राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 46 लखनऊ,
बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



इस वर्ष की दीपावली को स्वदेशी बनाने का लें संकल्प : योगी आदित्यनाथ 03

सविता ने सीएम के हाथों से सम्मान पाकर महराजगंज का नाम किया रोशन 12

# मंगोलिया को निःशुल्क ई-वीजा देगा भारत

## प्रधानमंत्री मोदी व मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना के बीच वार्ता में दोनों नेताओं ने 10 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर किए हस्ताक्षर

**▸ भारत-मंगोलिया में रक्षा,संस्कृति व सहयोग से जुड़े नए समझौते,स्मारक डाक टिकट जारी**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत और मंगोलिया के बीच मंगलवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें दोनों देशों ने रक्षा, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। साथ ही मंगोलिया को 1.7 अरब डॉलर की ऋण सहायता, मंगोलियाई नागरिकों को निःशुल्क ई-वीजा, नई रक्षा पहलों और धार्मिक-सांस्कृतिक सहयोग को आगे बढ़ाने की घोषणाएं की गईं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के बीच मंगलवार को यहां के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति उखना के बीच हुई वार्ता में दोनों नेताओं ने 10 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। भारत मंगोलिया को तेल रिफाइनरी परियोजना के लिए 1.7 अरब डॉलर का ऋण देगा। यह भारत की विश्व में सबसे बड़ी विकास सहयोग परियोजना है। भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी और मंगोलियाई राष्ट्रपति उखना ने संयुक्त रूप से एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस डाक टिकट में भारत के पारंपरिक रामलीला रंगमंच और मंगोलिया के बियेलगी लोकनृत्य को दर्शाया गया है, जो दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक बंधन, साझा विरासत और स्थायी मित्रता का प्रतीक है।

दोनों नेताओं ने वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अब मंगोलिया के नगरिकों को निःशुल्क ई-वीजा सुविधा देगा। इसके अलावा हर वर्ष मंगोलिया के युवा सांस्कृतिक राजदूत बन प्रायोजित यात्रा पर भारत यात्रा करेंगे। राष्ट्रपति उखना ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश की राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक मंगोलियाई एयर कैरियर इस वर्ष के अंत में अमृतसर और नई दिल्ली के लिए चार्टर उड़ानें संचालित करने की तैयारी कर रहा है, जो पर्यटन और व्यापार क्षेत्रों सहित हमारे द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देगा। चर्चा में भारत-मंगोलिया के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों, साझा बौद्ध धरोहर और रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर विशेष रूप से बल दिया गया। उन्होंने भारत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंगोलिया भारत के साथ बहुआयामी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी. कुमारण ने वार्ता के बाद बताया कि दोनों देशों के रक्षा संबंध 'नोमैडिक एलीफेंट' और 'खान क्वेस्ट' जैसी संयुक्त सैन्य कवायदों पर आधारित हैं।

### उखना ने की साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र की सराहना

भारत मंगोलिया को प्रशिक्षण, उपकरण और साइबर सुरक्षा में तकनीकी सहायता देता रहा है। मंगोलियाई राष्ट्रपति ने भारतीय सहयोग से स्थापित साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र की सराहना की और उसे और उन्नत करने का प्रस्ताव रखा। कुमारण ने बताया कि भारत मंगोलिया को 2026 में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष 'अर्हंत मोगल यैना' और 'अर्हंत सारिपुत्र' भेजेगा। इसके साथ ही एक संस्कृत शिक्षक को एक वर्ष के लिए कंधन मठ भेजा जाएगा। आठ मंगोलियाई छात्रों के भारत भ्रमण के लिए 'आईसीसीआर यूथ ओरिएंटेशन ट्रिप' शुरू होगी, जबकि 70 नए 'आईटीईसी' प्रशिक्षण स्लॉट भी दिए जाएंगे। मंगोलिया ने भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का समर्थन दोहराया। इसके अलावा, 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।


### पीएम 16 को आंध्र प्रदेश को देंगे 13,430 करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री श्रीशैलम स्थित प्रसिद्ध श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके अलावा वे कुरनूल में 13,430 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री सुबह नंदयाल जिले के श्रीशैलम स्थित प्रसिद्ध श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना करेंगे। यह मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों और 52 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां एक ही परिसर में ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ दोनों स्थित हैं, जिससे यह देशभर में अद्वितीय धार्मिक स्थल बनता है। प्रधानमंत्री इसके बाद श्रीशैलम स्थित श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र का दौरा करेंगे। यह केंद्र छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित एक स्मारक परिसर है, जिसमें ध्यान मंदिर के चारों कोनों पर उनके चार प्रमुख किलों—प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी—के मॉडल बने हैं। केंद्र में शिवाजी महाराज की ध्यान मुद्रा में प्रतिमा स्थापित है। यह स्मारक 1677 में शिवाजी महाराज की श्रीशैलम यात्रा की स्मृति में स्थापित श्री शिवाजी स्मारक समिति द्वारा संचालित किया जाता है।

# आतंकियों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगी सुरक्षा एजेंसियां

**▸ अयोध्या में बनेगा एनएसजी का नया हब : अमित शाह**

एजेंसी



**मानेसर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का एक नया हब स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित किए जा रहे एनएसजी के हब किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

अमित शाह हरियाणा के मानेसर में एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस समारोह और स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर (एसओटीसी) के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनएसजी के कार्य में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। अब तक एनएसजी के छह हब- मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद और जम्मू में स्थापित हो चुके हैं। इनके साथ अब अयोध्या में भी एक नया हब बनाया जाएगा। इन छह जोनों में एनएसजी कमांडो 24 घंटे और 365 दिन तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी आकस्मिक आतंकी हमले की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। हर जोन के लिए एक विशेष कंपोजिट ग्रुप बनाया गया है जो अपने क्षेत्र में आने वाले किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम रहेगा। एनएसजी का यह नया ट्रेनिंग सेंटर आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां अत्याधुनिक युद्ध कौशल और विशेष ऑपरेशंस की ट्रेनिंग दी जाएगी। अमित शाह ने आतंकवादी समूहों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की सुरक्षा एजेंसियां उन्हें पाताल लोक तक ढूंढ निकालेंगी। उन्होंने कहा, भारत के सुरक्षा बल आतंकवादियों को ढूंढकर दंडित करेंगे, चाहे वे कहीं भी छिपे हों।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,28,500/ |
| 22 कैरेट | = | 1,17 800/ |
| 18 कैरेट | = | 96,460/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,89,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरकाशी में 3.6 तीव्रता का भूकंप, नुकसान की खबर नहीं

**उत्तरकाशी।** सीमांत जिले उत्तरकाशी में मंगलवार देर शाम करीब 7.30 मिनट पर भूंकप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 मापी गई है। अभी तक किसी भी तरह की कोई नुकसान की खबर नहीं है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र ने भूकंप के बारे में सभी तहसीलों से जानकारी मांगी गई है। जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता और केंद्र को लेकर आपद परिचालन केंद्र उत्तरकाशी के मुताबिक इसका केंद्र उत्तरकाशी में जमीन के नीचे पांच किमी गहराई पर था और इस भूकंप की तीव्रता 3.5 थी। जनपद के यमुना घाटी में भूकंप के झटके काफी कमजोर थे, लेकिन उत्तरकाशी के लोगों को धरती हिलती महससू हुई।

### दोहा-हांगकांग विमान की हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग

**अहमदाबाद।** दोहा से हांगकांग जा रहे कतर एयरवेज के विमान की मंगलवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग हुई। इसके बाद हवाईअड्डा प्रशासन ने तुरंत विमान सेवा में तकनीकी खराबी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। यह विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दोपहर बाद 2.30 बजे उतरा। अहमदाबाद हवाई अड्डे के सूत्रों के मुताबिक दोहा (डीओएच) से हांगकांग (एचकेजी) जा रहे विमान में तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार 14 अक्टूबर, 2025 को दोपहर 1.12 बजे अहमदाबाद हवाईअड्डे पर आपात स्थिति घोषित की गई। ताकि उड़ान उतर सके।

### एएसआई ने दी जान, आईपीएस वाई पूरन पर गंभीर आरोप

**रोहतक।** हरियाणा में आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि मंगलवार को रोहतक से एक और हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। मंगलवार को रोहतक में साइबर सेल में तैनात एक एएसआई ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। एएसआई ने मरने से पहले एक वीडियो भी बनाया। इसमें एएसआई ने दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एएसआई ने जान देने से पहले कहा कि आईपीएस पूरन भ्रष्टाचार में लिप्त थे और सरकार अब अच्छे अधिकारियों को निशाने पर ले रही है। मैं अपनी जान की आहूति दे रहा हूं। पुलिस ने एएसआई के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### उत्तर रेलवे में 15-16 अक्टूबर को मध्यरात्रि में बुकिंग सेवाएं रहेंगी बंद

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने यात्रियों को सूचित किया है कि नई पीआरएस (यात्री आरक्षण प्रणाली) प्रणाली के एकीकरण कार्य के चलते 15 और 16 अक्टूबर को मध्यरात्रि में कुछ घंटों के लिए टिकट बुकिंग सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी।रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) ने यह गतिविधि 14-15 अक्टूबर और 15-16 अक्टूबर की मध्यरात्रि के दौरान निर्धारित की है। इस दौरान नई पीआरएस बुकिंग काउंटर सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार, पहली निर्धारित डाउनटाइम अवधि 15 अक्टूबर को रात 00.15 बजे से 2.15 बजे तक (2 घंटे) और दूसरी अवधि 16 अक्टूबर को रात 00.15 बजे से 1.00 बजे तक (45 मिनट) की होगी।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी योजना जमीन पर उतरने को तैयार

**▸ योजना में जमीन देने वाले किसानों को मिलेगा विकसित प्लॉट**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी योजना अब जमीन पर उतरने लगी है। इस प्रोजेक्ट में अपनी खेती की जमीन देने वाले किसानों को अब उसका सीधा फायदा मिलने जा रहा है। उन्हें योजना के अंदर ही विकसित प्लॉट दिए जाएंगे। वो भी बिल्कुल मुफ्त। इसके लिए पहली लॉटरी नवंबर के आखिर में कराई जाएगी।

आईटी सिटी सुल्तानपुर रोड और किसान पथ के बीच बन रही है। कुल 2,660 एकड़ जमीन पर इस हाईटेक टाउनशिप को तैयार किया जा रहा है। अब तक 117 किसानों ने 550 बीघा जमीन लैंड पूलिंग के लिए देने की सहमति दी है। इनमें से कई किसानों के साथ डील फाइनल हो चुकी है। यहां 72 से 200 वर्गमीटर के करीब 10,000 रिहायशी प्लॉट बनाए जाएंगे। साथ ही बड़ी हाउसिंग सोसायटी के लिए जमीन, इंडस्ट्रियल एरिया (400 एकड़) और मार्केट-कॉमर्शियल जोन (200 एकड़) भी तय किया गया है। मकसद है कि लोग सिर्फ घर नहीं, पूरा शहर खरीदें। आईटी सिटी को किसान पथ से जोड़ने के लिए दो किलोमीटर की चौड़ी रोड बनाई जा रही है। इस पर 5 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### करोड़ों के इनामी नक्सली नेता भूपति ने 60 साथियों के साथ किया आत्मसमर्पण

**गढ़चिरोली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में करोड़ों के इनामी 60 वर्षीय नक्सली नेता मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति ने अपने 60 साथियों के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। महाराष्ट्र पुलिस के विश्वस्त सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। नक्सल आंदोलन के वरिष्ठ पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू दादा ने अपने लगभग 60 साथियों के साथ मंगलवार को गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। यह नक्सलवादी आंदोलन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अभी इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। भूपति देश के 'मोस्ट वांटेड' नक्सली नेताओं में से एक रहा है। उस पर विभिन्न राज्यों में कई करोड़ रुपये का इनाम घोषित है।

# राज्य कर्मियों को दीपावली पर बोनस का ऐलान

**यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। सीएम ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है।

उत्तर प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रूपये न का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

इस निर्णय से राज्य सरकार के 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ रूपये आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें। राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य बोनस के दायरे में वे पूर्णकालिक अराजपत्रित कार्मिक शामिल हैं जिनके पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 यानि 47,600- 1,51,100 तक है सादृश्य ग्रेड वेतन 4,800 तक।

इसमें राज्य कर्मचारी राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्यप्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं। भारत सरकार द्वारा भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बीते 29 सितम्बर द्वारा बोनस प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में हुई मौलाना तौकीर रजा की पेशी

समृद्धि न्यूज

**▸ 14 दिन की न्यायिक हिरासत और बढ़ी**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के जिला बरेली में बीते माह 26 सितंबर को हुए बवाल के मुख्य आरोपी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान की मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेशी हुई। अदालत ने मौलाना की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए और बढ़ा दी है। आगामी 28 अक्टूबर को कोर्ट में उनकी पेशी की तारीख मुकर्रर की गई है।

मौलाना तौकीर रजा खान जनपद फर्रुखाबाद की फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद हैं। पहले माना जा रहा था कि मौलाना को जेल से बरेली लाया जाएगा। लेकिन उनको वर्चुअल पेश किया गया। मौलाना के अलावा आईएमसी के महासचिव डॉ. नफीस अहमद, नदीम खान, अनीस सकलैनी आदि को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। बरेली में 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा खान ने विरोध प्रदर्शन की कॉल की थी। मौलाना को पहले ही पुलिस ने नजरबंद कर दिया था। जुमा की नमाज के बाद भीड़ सड़कों पर उतरी और पुलिस के साथ टकराव के बाद हालात बिगड़ गए थे।

### कृषि मंत्री चौहान ने किया भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान भवन का लोकार्पण

**चंडीगढ़।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लुधियाना स्थित भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान के प्रशासनिक-सह-प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने यहां मक्का उत्पादक किसानों व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजनाओं के लाभार्थियों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से संवाद भी किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मक्का उत्पादन बढ़े और हमारा मक्का दुनिया में धूम मचाए, इसके लिए हम मक्के की नई, उन्नत व उच्च उत्पादक किस्में विकसित कर रहे हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि हम मक्के का उत्पादन और कैसे बढ़ा सकते हैं, इसके लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार जरूरी : राजनाथ सिंह

**▸ भारत नियम आधारित व्यवस्था का पक्षधर**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की पुरजोर वकालत करते हुए कहा है कि विश्वास के संकट का सामना कर रही यह संस्था मौजूदा वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं होने के कारण चुनौतियों से निपटने में विफल रही है।

रक्षा मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि कुछ देश खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां भारतीय सेना द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में यह बात कही। सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र में शांति सैनिकों का योगदान देने वाले देशों के सेना प्रमुखों को संबोधित करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के पुराने बहुपक्षीय ढांचे पर सवाल उठाते हुए इसमें सुधारों की वकालत की। उन्होंने कहा, हम आज की चुनौतियों का सामना पुराने बहुपक्षीय ढांचों से नहीं कर सकते। व्यापक सुधारों के बिना, संयुक्त राष्ट्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया के लिए, हमें एक सुधारित बहुपक्षवाद की आवश्यकता है, जो आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे, सभी हितधारकों की आवाज बनें, समकालीन चुनौतियों का समाधान करे और मानव कल्याण पर केंद्रित हो। कुछ देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नियमों की खुलेआम धज्जी उडाये जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत पुरानी अंतर्राष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार की वकालत करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को मज़बूती से कायम रखने में मज़बूती से खड़ा है। आजकल, कुछ देश खुलेआम अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, कुछ उन्हें कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

### बिहार विधानसभा चुनाव
### भाजपा ने जारी की 71 उम्मीदवारों की सूची

**नयी दिल्ली/पटना।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को क्रमशः तारापुर और लखीसराय सीट से टिकट दिया गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और राज्य मंत्री रेणु देवी को क्रमशः कटिहार और बेतिया से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी राज्य में 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सूची में नौ महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिलीप जायसवाल ने पहले ही संकेत दे दिए थे कि पार्टी इस बार महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर देगी।

**समीक्षा**

**ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर बल**

# ग्रामीण विकास की आत्मा हैं ग्राम पंचायतें : मुख्यमंत्री योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयाँ नहीं बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पंचायतों की स्वनिधि बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय कर एवं यूजर चार्ज संग्रह की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। पंचायतों की आय वृद्धि के लिए विभिन्न नवाचारों पर कार्य जारी है। पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। प्रत्येक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही है आत्मनिर्भर भारत की नींव

उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले और मिलने वाले शुल्क से ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हो। बैठक में बताया गया कि पंचायती राज विभाग द्वारा तालाबों पोखरों की सूचीकरण, उपयोग नीति पर कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत तथा जिला पंचायत के अधीन तालाबों पोखरों का समयबद्ध पट्टा किया जाए और इनसे प्राप्त राशि को हर घर नल, जल संरक्षण तथा ग्राम्य हित के कार्यों में ही उपयोग किया जाए। उन्होंने स्पष्ट नियमावली तैयार करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों के पास जितनी अधिक स्व-वित्तीय क्षमता होगी, उतनी ही तेजी से ग्रामीण विकास के कार्य आगे बढ़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत प्रतिनिधियों को वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल सेवा वितरण और जनसुविधा संचालन के विषय में प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने।

# राहुल के अर्धशतक के साथ भारत ने वेस्टइंडीज को किया क्लीन स्वीप

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें दिन मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारत ने 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन एक विकेट पर 63 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उसे जीत के लिए केवल 58 रन की जरूरत थी।

भारत ने आखिर में 35.2 ओवर में तीन विकेट पर 124 रन बनाए। राहुल 58 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के शतकों की मदद से अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 248 रन ही बना पाई थी और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की जिससे उसकी टीम 390 रन बनाने में सफल रही।

# जोन-8 में प्रतिबंधित पॉलीथिन बिक्री व गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चला अभियान

## जोनल अधिकारी अजीत राय के निर्देश पर सफाई व खाद्य निरीक्षक सुमित मिश्रा व आकांक्षा गोस्वामी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई

**पॉलीथिन व गंदगी फैलाने वालों पर 1.80 लाख का जुर्माना**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर मंगलवार को नगर निगम लखनऊ द्वारा जोन-8 क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन के विक्रय और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी अजीत राय के निर्देश पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुमित मिश्रा और आकांक्षा गोस्वामी के नेतृत्व में की गई, जिसमें ईटीएफ सहित कुल 296 सदस्यीय टीम शामिल रही। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाना था। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने मुख्य बंगला बाजार में छापेमारी करते हुए कई दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचते हुए पकड़ा। इनमें विकास दीप गुप्ता, दिनेश कुमार और राकेश गुप्ता शामिल थे। नियमों के उल्लंघन पर तीनों के विरुद्ध क्रमशः 10,000, 20,000 और 40,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। इसी क्रम में टीम ने सेक्टर-12, वृंदावन योजना में भी निरीक्षण किया। यहां लकी गुप्ता को प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचते हुए पकड़ा गया। नियमों के उल्लंघन पर उन पर 1,10,000 का भारी जुर्माना लगाया गया।

अभियान के दौरान कुल 40 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई और 1,80,000 का शमन शुल्क वसूल किया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान एक दिन का नहीं, बल्कि लगातार चलने वाली कार्रवाई है। भविष्य में भी ऐसे अभियानों को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा ताकि शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त रखा जा सके।नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने बताया कि लखनऊ नगर निगम स्वच्छता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि नालियों के जाम होने और जलभराव जैसी समस्याओं का भी प्रमुख कारण है।

### नगर आयुक्त को जोन-6 की सड़कों पर गंदी मिली गलियां-सड़कें

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मंगलवार को जोन-6 के चौक काली जी वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सराय माली खान रोड, अब्दुल अजीज रोड, टंडन जी फव्वारा और अखबारी गेट ढाल पर सफाई में लापरवाही पाई गई। कई स्थानों पर कूड़े के ढेर और कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन वेस्ट (सी-डी) मिला। नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए सैनिटेशन इंस्पेक्टर (एसएफआई) का वेतन रोकने और कार्यदाई संस्था बालाजी ट्रेडर्स पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। सी-डी) वेस्ट के लिए नगर अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा गया। इसके अलावा, विक्टोरिया स्ट्रीट पर अपर्याप्त सफाई के कारण एलएसए संस्था पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर आयुक्त ने डोर-टु-डोर कचरा कलेक्शन (डी2डी) को समयबद्ध और प्रभावी बनाने के साथ-साथ सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी।

# फेदरलाइट ने शुरू किया पहला एक्सक्लूसिव एजुकेशन फर्नीचर एक्सपीरियंस सेंटर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत में कार्यस्थल और शिक्षा फर्नीचर समाधान के क्षेत्र में अग्रणी और विश्वसनीय नामों में से एक फेदरलाइट ने मंगलवार को लखनऊ में अपने पहले एक्सक्लूसिव एजुकेशन फर्नीचर एक्सपीरियंस सेंटर का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया। इस सेंटर को शिक्षकों, प्रशासकों और प्रोक्योरमेंट टीमों को आधुनिक शिक्षा फर्नीचर समाधानों के बारे में जानने के लिए, एक व्यावहारिक वातावरण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में



तेजकुमार प्लाज़ा, 75 हजरतगंज-226001 के द्वितीय तल पर स्थित यह एक्सपीरियंस सेंटर फेदरलाइट की शिक्षा क्षेत्र के लिए समर्पित नवीनतम रेंज को प्रदर्शित करता है– जिसमें तकनीक-सक्षम क्लासरूम फर्नीचर और गतिशील और सहभागितापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, प्रयोगशाला बेंच, लाइब्रेरी सिस्टम, ऑडिटोरियम सीटिंग, और टिकाऊ हॉस्टल फर्नीचर शामिल हैं। इस सेंटर में निर्णयकर्ता वास्तविक क्लासरूम सेटअप का अनुभव कर सकते है, एर्गोनॉमिक्स और टिकाऊपन की जांच कर सकते है तथा यह समझने का अवसर प्रदान करते है कि किस प्रकार नवीन फर्नीचर समाधान शिक्षण परिणामों को बेहतर बना सकते हैं। सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विशाल सिंह, विशेष सचिव, यूपी सरकार व निदेशक, सूचना एवं संस्कृति विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर अदित जशनानी, निदेशक, मोमेंटम टेकसिस प्राइवेट लिमिटेड तथा कश्वी जशनानी, निदेशक, मोमेंटम टेकसिस प्राइवेट लिमिटेड भी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गाय से टकराकर सड़क पर गिरी बाइक, दो युवकों समेत गाय की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज इलाके में मंगलवार को गाय से टकराकर बाइक सड़क पर गिरी और विस्फोट हो गया। इस घटना में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। गाय की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। गोसाईगंज थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोसाईगंज में मलौली के पास गोवंश से टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बाइक के गिरते ही उसमे तेज धमाका हुआ और हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दूसरा झुलस गया। पुलिस झुलसे युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले आई, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। मोहन लालगंज एसडीएम ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ में पता चला है? कि एक बाइक पर सवार दो युवक गोवंश से टकरा गये और अनियत्रिंत होकर गिर पड़े। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। ये लोग गोसाईगंज से पटाखा लेकर मलौली गांव जा रहे थे। मृतकों की पहचान हरदोई के जन गांव पट्टी निवासी सुहेल और गोसाईगंज के मातनटोला निवासी मोहम्मद अहमद के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में जीजा साले लगते थे। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

### दिवाली की छुट्टियों की घोषणा, कई दिन स्कूल बंद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दिवाली का त्योहार आते ही देशभर में खुशी और रोशनी का माहौल बन जाता है। मिठाइयों की महक, सजावट और बाजारों की चकाचौंध इस समय को विशेष बनाती है। इस बार छात्रों के लिए अच्छी खबर है क्योंकि कई राज्यों में दिवाली के अवसर पर स्कूलों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। दिवाली के अवसर पर स्कूलों में कई दिनों की छुट्टियां दी गई हैं। इस कारण बच्चे और उनके माता-पिता पहले से ही त्योहार की तैयारियों में जुट गए हैं। उत्तर प्रदेश में,ल छुट्टियों की सूची के अनुसार, 20, 22 और 23 अक्टूबर को क्रमशः दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज की छुट्टियां घोषित की गई हैं। 19 अक्टूबर को रविवार है इसलिए छात्रों को चार दिन की दिवाली की छुट्टी मिलेगी। 2025 में दिवाली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। कार्तिक अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर की दोपहर से शुरू होकर 21 अक्टूबर की शाम को समाप्त होगी। लक्ष्मी पूजा का शुभ समय शाम के प्रदोष काल के दौरान पड़ता है, जिससे 20 अक्टूबर दिवाली समारोह का मुख्य दिन बन जाता है।

समस्याओं पर समाधान का ऊर्जा मंत्री का मिला आश्वाशन

### पावर कॉरपोरेशन निविदा, संविदा कर्मी संघ ने ऊर्जा मंत्री से की भेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा,संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद की अध्यक्षता में उर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा 2017 के अपने स्वयं के आदेश का उल्लंघन कर लगभग 25 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों कि छटनी करने,55 वर्ष का हवाला देकर अनुभवी कर्मचारियों को कार्य से हटाने, वर्तमान व्यवस्था के स्थान पर वर्टिकल व्यवस्था लागू करने, सुधार के नाम पर बाराबंकी जनपद से लगभग 13 करोड़ बचाने के उद्देश्य से 350 कर्मचारियों को कार्य से हटाने और हटाए गए कर्मचारियों के कारण उत्पन्न बिजली संकट को दूर करने के लिए लगभग 13 करोड़ के स्थान पर लगभग 55 करोड़ का एलओआई जारी करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। उर्जा मंत्री ने पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिपावली पर्व के बाद अपनी उपस्थिति में पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन व संगठन के बीच बैठक वार्ता कराकर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

### ई-ऑटो पलटा, चालक की मौत, दो साथी घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भदेसरमऊ गांव में सोमवार देर रात एक इलेक्ट्रिक ऑटो अनियंत्रित होकर नहर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में ऑटो चालक 25 वर्षीय भूपेंद्र की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी अजय और मुकेश घायल हो गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि भूपेंद्र अपने साथियों मुकेश और अजय के साथ सवारी उतारने के बाद मुकेश के मामा के घर जा रहा था। रास्ते में भदेसरमऊ की नहर सड़क पर बारिश से बने एक गड्ढे में ऑटो का पहिया फंस गया, जिससे वाहन पलट गया। हादसे में चालक भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी अजय और मुकेश को हल्की चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना मलिहाबाद की सेकेंड मोबाइल टीम ने तत्काल घायलों को सीएचसी मलिहाबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने भूपेंद्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतक के भाई शिवमूरत और परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त इलेक्ट्रिक ऑटो को थाने में कब्जे में लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### पिटाई के बाद बुजुर्ग की मौत, सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने एक बुजुर्ग को पीट दिया। बुजुर्ग की इलाज के दौरान 14 दिन बाद मंगलवार को मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों और ग्रामीण शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई है। परिजन बोले- पुलिस आरोपियों का एनकाउंटर करे। घटना बख्शी का तालाब तहसील के महिंगवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर चौकी के पास एक गांव की है। मृतक की पहचान मुन्नु लाल के रूप में हुई है। प्रदर्शन स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा है। पुलिस और प्रशासन के लोग उनको समझाने की कोशिश कर रहे हैं। मृतक के बेटे सुभाष कुमार ने बताया घटना 30 सितंबर को सुबह 11 बजे हुई। गांव के मोहित यादव, छोटू उर्फपंकज यादव और उनके साथ लगभग 11,12 अज्ञात लोग घर आए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें पिता मुन्नू लाल बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें करियर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। इसके बाद नाराज परिजन और ग्रामीण शव को लेकर पहाड़पुर चौराहा पर पहुंचे। यहां शव रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस-विरोधी नारे लगाए और कुछ ने पुलिस पर चूड़ी फेंकी। परिजन आरोपियों के एनकाउंटर की मांग पर अड़े हैं।

### अयोध्या धाम जंक्शन पर 'वात्सल्यकक्ष' का शुभारंभ




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर रेलवे के अयोध्या धाम जंक्शन पर 'वात्सल्य कक्ष' (बेबी फीडिंग रूम) का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा माताओं एवं शिशुओं के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस वात्सल्यकक्ष में माताओं के लिए गोपनीयता एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। कमरे में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छता, साफ-सफाई एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं ताकि माताएँ अपने शिशुओं की देखभाल सहजता से कर सकें। भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह पहल की गई है। अयोध्या धाम जंक्शन, जो कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र है, पर इस प्रकार की सुविधा यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

## मुख्यमंत्री योगी ने एक्स के जरिए प्रदेशवासियों को भावनात्मक संदेश दिया व जनता से अपील करते हुए कहा

# इस वर्ष की दीपावली को स्वदेशी बनाने का ले संकल्प

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली से पहले प्रदेशवासियों को भावनात्मक संदेश दिया है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा है कि इस वर्ष की दीपावली को स्वदेशी वाली बनाएं। उन्होंने त्योहार की व्यस्तताओं के बीच क्षण भर रुककर स्वदेशी का संकल्प लेने का आह्वान किया है।



सीएम योगी का यह संदेश न केवल आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को मजबूती देता है बल्कि लाखों देसी कारीगरों, कुम्हारों और छोटे दुकानदारों के जीवन में उल्लास भरने की अपील करता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का पावन पर्व निकट है और प्रदेशवासी पूरे उत्साह के साथ उत्सव की तैयारियों में जुटे होंगे। व्यस्तता के बीच उन्होंने एक आवश्यक संकल्प लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा,जब आप दीपावली की खरीदारी के लिए निकलें, तो स्वदेशी का संकल्प गांठ बांधकर निकलें। देश में ही निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता दे। यह प्राथमिकता केवल बड़े सामानों तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि रोजमर्रा के छोटे-छोटे सामानों में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, चाहे वे दीये हों, मोमबत्तियां हों, झालर हों, या अन्य कोई वस्तु। आपकी यह छोटी सी पहल लाखों देसी कारीगरों, शिल्पकारों, कुम्हारों, स्थानीय दुकानदारों के जीवन में उल्लास लेकर आएगी। आप उनकी दीपावली को अधिक प्रकाशमान और स्मरणीय बनाने में सहायता कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने केवल सामान्य खरीदारी तक ही स्वदेशी की अपील को सीमित नहीं रखा बल्कि उपहारों के चयन के लिए भी विशेष सुझाव दिया। उपहारों के लिए भी स्वदेशी को चुनें। इसके लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के उत्कृष्ट उत्पाद एक अच्छा विकल्प सिद्ध हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी के तहत हर जिले के विशिष्ट उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### प्रतिभावान कारीगरों के कौशल का सम्मान है स्वदेशी उत्पाद खरीदना

सीएम योगी ने बताया कि ओडीओपी उत्पाद उपहार के रूप में क्यों खास हैं, ये उपहार को सबसे विशिष्ट तो बनाएंगे ही, साथ ही ये हमारे प्रतिभाशाली कारीगरों के परिश्रम का उचित सम्मान भी होगा। यह अपील दोहराती है कि स्वदेशी उत्पाद खरीदना केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं है, बल्कि देश के प्रतिभावान कारीगरों के कौशल और परिश्रम के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है। सीएम का यह संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल अभियान को उत्तर प्रदेश में एक नई ऊँचाई पर ले जाने का प्रयास है। त्योहारों का यह मौसम, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है, इसमें स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़ी राहत मिल सकती है।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर मामले में पीएम से उच्च स्तरीय जांच की मांग

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य विद्युत सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय ऊर्जा सचिव को एक विस्तृत पत्र भेजकर उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के साथ हो रहे अन्याय पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

भारत सरकार ने जिस आरडीएसएस योजना के तहत पूरे देश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर खरीद कर उसे उपभोक्ताओं के पुराने मीटर को उतार कर फ्री में लगाने का निर्देश दिया गया था उसे उत्तर प्रदेश में नए कनेक्शन पर थोप कर 6016 वसूल किया जा रहा।

# मानक महोत्सव का उद्देश्य मानकों के प्रचार व जागरुकता को बढ़ाना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय मानक ब्यूरो ने 14 अक्टूबर 2025 को विश्व मानक दिवस के अवसर पर लखनऊ के होटल हयात रीजेंसी विभूति खंड गोमती नगर में मानक महोत्सव का सफल आयोजन किया।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण और बाट एवं माप आशीष सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने मानकों के महत्व और राष्ट्र के विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। सुधीर बिश्नोई प्रमुख/वरिष्ठ निदेशक




भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ शाखा कार्यालय ने बताया कि मानक महोत्सव का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य 17 लक्ष्यों के लिए साझेदारी के तहत मानकों के प्रचार और जागरूकता बढ़ाना था, ताकि गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से देश की प्रगति सुनिश्चित की जा सके। इस कार्यक्रम में तकनीकी सत्र का संचालन एके बेरा. सेवानिवृत्त वैज्ञानिक जी, बीआईएस द्वारा किया गया।

### सपा महिला सभा के राष्ट्रीय सचिव पद से हटाई गईं मुस्कान

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी ने महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव मुस्कान मिश्रा को पद से हटा दिया है। महिला सभा की अध्यक्ष जूही सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों सपा नेता मुस्कान मिश्रा अयोध्या के महंत राजू दास से मिली थीं। मुस्कान की इस मुलाकात को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इसी के चलते उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है। मुस्कान मिश्रा को हटाये जाने को लेकर समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह की ओर से जारी किये गये आदेश में कहा गया है कि मुस्कान मिश्रा को सपा महिला सभा के राष्ट्रीय सचिव पद से मुक्त किया जाता है।

# जीआरपी ने बच्चा चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

**तीन अपहरणकर्ता गिरफ्तार**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ जीआरपी चारबाग और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने 6 वर्षीय बालिका के अपहरण की घटना का खुलासा करते हुए महज 24 घंटे के भीतर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। टीम ने तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई रेलवे स्टेशन लखनऊ जंक्शन (एनआर) से बच्ची के अपहरण की शिकायत के बाद शुरू की गई थी।

जीआरपी की यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे और पुलिस



महानिरीक्षक रेलवे के निर्देश पर की गई। रेलवे लखनऊ के पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्र के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफ्लता हासिल की गई। उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सर्विलांस और खुफिया इनपुट के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। जीआरपी चारबाग थाने की टीम ने 14 अक्टूबर की सुबह करीब 3 बजे के आसपास अपहरण के आरोप में तीन लोगों जिनमें महाराजगंज के आमिर, बलरामपुर की शांति देवी और कंचन गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी कैसरबाग वर्कशॉप आलमबाग के पास से की गई।

सभी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अपहरणकर्ताओं से 6 वर्षीय बालिका को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि बच्ची को बहलाने-फुसलाने के बाद रेलवे स्टेशन से अगवा किया गया था। आरोपी बच्चों को ऐसे भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड से निशाना बनाते हैं और फिर उन्हें बाहर के शहरों कृ जैसे मुंबई या दिल्ली कृ में बेचने या जबरन मजदूरी के लिए ले जाते हैं।

# नौकरानी ने ही सहयोगियों संग चोरी को दिया था अंजाम

**विकास नगर पुलिस ने नौकरानी सहित चार को गिरफ्तार करते हुए चोरी का शत प्रतिशत माल बरामद कर किया घटना का खुलासा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पूर्वी ज़ोन के थाना विकास नगर इलाके के एक मकान में बीते 8 अक्टूबर को हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए विकास नगर पुलिस ने एक अभियुक्ता और तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बेहतरीन कामयाबी हासिल की है।

इस मामले में जानकारी देते हुए एसीपी गाज़ीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता माहिन खान पत्नी शमून खान ने उनके घर में चोरी हो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए विकास



नगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में लग गई थी। एसीपी गाज़ीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि इस बीच पुलिस ने लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी और आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। जिस में कामयाबी हासिल करते हुए मंगलवार को विकास नगर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में उक्त वारदात को अंजाम देने वाली अभियुक्ता और तीन अभियुक्तों को जानकीपुरम इलाके के तिवारी चौराहे से आगे जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ़्तार कर लिया। जिनकी पहचान शाहजहां (22) फैजान (27) फहीम (20) साकिब अली 20 वर्ष के रूप में हुई जो जानकीपुरम इलाके के ही निवासी बताए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना विकास नगर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास से चोरी किए गए शत प्रतिशत लगभग छह लाख के आभूषण और घटना में प्रयुक्त स्विगी ड्रेस व बैग बरामद कर लिए गए हैं। बाद गिरफ्तारी पुलिस ने कागज़ी प्रक्रिया सम्पन्न कर नियमानुसार बरामदगी के आधार पर धाराओं में बढ़ोत्तरी व तब्दीली करते हुए सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया। इस गिरफ्तारी में थाना प्रभारी विकास नगर आलोक कुमार सिंह उपनिरीक्षक मुहम्मद यासीन, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, हेड कांस्टेबल ऋषि तिवारी, अवध किशोर सिंह, कांस्टेबल राघवेन्द्र, राम चन्द्र, महिला कांस्टेबल शिवानी तिवारी, की भूमिका रही।

### निकाय कर्मचारी महासंघ आन्दोलन जारी

**लखनऊ।** महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकुमारमिश्र मिश्र, रामकुमार रावत, गोमती त्रिवेदी, शैलेन्द्र तिवारी, नितिन त्रिवेदी आदि कर्मचारी प्रतिनिधियो ने बताया कि 10 सूत्री मांग पत्र का समय रहते समाधान नही निकला तो महासंघ 16 अक्टूबर को शासन स्तर पर होने वाली बैठक का इन्तजार है, वरना 16 अक्टूबर के बाद तृतीय चरण का बडा आन्दोलन घोषित किया जायेगा इसलिए अभी निकाय के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सरकार का ध्यान आकर्षण करा रहा है और 16 अक्टूबर को सार्थक निर्णय न होने की दशा में आन्दोलन का तृतीय चरण का आन्दोलन घोषित किया जायेगा, क्योकि 9 अक्टूबर को महासंघ ने अपने ज्ञापन में दि.10 नवंबर तक मांगो के आदेश निर्णय किए जाने का अनुरोध किया गया था।

# यूपी के हर जिले में गायों के लिए 'घर' बनाएगी योगी सरकार

**पर्यटन व रोजगार को मिलेगा बढ़ावा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की आवारा गायों की समस्या और ग्रामीण रोजगार को एक साथ हल करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार हर जिले में एक आदर्श गौशाला की स्थापना करेगी, जिसे काऊ टूरिज्म सेंटर के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के अनुसार, इन आधुनिक गौशालाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें गोबर, गोमूत्र, दूध और घी जैसे उत्पादों का व्यावसायिक उपयोग शामिल होगा। गौशालाओं में उत्पादों के निर्माण व विपणन (मार्केटिंग) के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जाएगा। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि स्थानीय उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने दीपावली पर गोबर से बने दीयों, मूर्तियों और सजावटी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिससे स्थानीय उत्पादों की मांग और बिक्री बढ़े। इन आदर्श गौशालाओं से आवारा गायों को आश्रय मिलेगा, जिससे न केवल सड़कों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि आमजन को भी राहत मिलेगी।

### 270 किलो नकली खोया मिला एफएसडीए ने नष्ट कराया, पांच प्रतिष्ठानों को चेतावनी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) टीम की लगातार छापेमारी जारी है। मंगलवार को टीम ने चारबाग स्थित राजा खोया मंडी में छापा मारा। खोया के 3 नमूने लिए। 270 किलो नकली खोया नष्ट कराया। इसके अलावा जिले में अन्य स्थानों पर 8 और नमूने लिए गए। मिठाई के 5 प्रतिष्ठानों को चेतावनी नोटिस दिया गया। एफएसडीए दीपावली और भाईदूज से पहले मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चला रहा है। मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अब तक शहर में कई स्थानों पर मिलावटी दूध, खोया, मिठाई, तेल, पनीर बरामद हो चुकी है। अभियान के दौरान टीम ने ऐशबाग नाका रोड पर एक वाहन को पकड़ा।

**शुभारंभ** लॉजिस्टिक सेवाओं के आधुनिकीकरण व ग्राहक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम

# देश की पहली डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स रेल सेवा का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केंद्रीय रेल अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोनिक गुड्स शेड (लखनऊ मंडल) पर देश की पहली डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स सेवा का शुभारंभ किया, जो भारतीय रेल की लॉजिस्टिक्स सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं ग्राहक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि यह सेवा कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित की जाएगी। परियोजना प्रारंभिक रूप से दो वर्षों



की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है, जिसे आवश्यकता अनुसार दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। सोनिक गुड्स शेड एक श्रेणी-1 गुड्स शेड है, जो प्रति माह लगभग 13 इनवर्ड रेक्स (खाद्य अनाज, उर्वरक, एनएमजी, सीमेंट आदि) एवं लगभग 80 वैगनों का पिसमील लोडिंग संभालता है। वर्तमान में पीएच-53 के अंतर्गत प्लेटफॉर्म, एप्रोच रोड एवं सीजीएस/मर्चेंट रूम का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो आगे भी जारी रहेगा। कॉन्कोर गुड्स शेड के संपूर्ण प्रबंधन, सफाई, परिसंपत्तियों के रखरखाव तथा सभी वैधानिक एवं पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन की जिम्मेदारी संभालेगा। ग्राहकों को हैंडलिंग एवं डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स सेवाएँ प्रदान की जाएंगी, जिनके शुल्क कॉन्कोर द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। आवश्यक बुनियादी ढांचा जैसे गोदाम, कंटेनर स्टोरेज आदि का विकास कॉन्कोर अपने स्वयं के व्यय पर करेगा। रेलवे भूमि पर निर्मित सभी परिसंपत्तियाँ भारतीय रेल की संपत्ति रहेंगी। घाट क्षेत्र में लगभग 20-26 कंटेनर (20 फीट) अस्थायी गोदामों के रूप में स्थापित किए जाएंगे तथा मजदूरों एवं व्यापारियों हेतु शौचालय भी निर्मित किए जाएंगे। कुल मिलाकर यह परियोजना रेलवे परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग, माल ढुलाई की दक्षता बढ़ाने, तथा ग्राहकों को एकीकृत लॉजिस्टिक्स समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स सेवा भारतीय रेल की लास्ट माइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगी तथा व्यापारियों और उद्योगों को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध परिवहन सुविधा प्रदान करेगी। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट गौरव दीक्षित सहित मण्डल के अधिकारी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# गन्ना आपूर्ति में किसानों को न हो असुविधाः डीएम

**चीनी मिल नानपारा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण**



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के अध्यक्ष/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा चीनी मिल का निरीक्षण कर मिल के आगामी पेराई सीजन संचालन (सत्र 2025-26) हेतु वर्तमान समय में मिल के मशीनरी उपकरणों के डिस्मेन्टलिंग, टेस्टिंग, चेकिंग व साफ-सफाई इत्यादि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

डीएम ने मिल प्रबन्धन को निर्देश दिया कि मिल का मरम्मत कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढ़ग से पूर्ण कर लिया जाये ताकि मिल का संचालन निर्धारित तिथि से हो सके। साथ ही ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय कि कृषकों को गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार समस्या न होन पाये।


श्री त्रिपाठी ने मिल कार्मिकों का आहवान किया कि मिल के संचालन में गन्ना कृषकों एवं मिल के हितों को सर्वोपरि रखें। मिल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी द्वारा मिल के गत पेराई सत्र 2024-25 में प्राप्त तकनीकी परिणामों एवं आगामी पेराई सत्र 2025-26 हेतु स्वीकृत वार्षिक वित्तीय व्ययों पर नियन्त्रण व अनुशासन रखने, मितव्ययता/वित्तीय सुचिता को बनाये रखने के साथ-साथ वेतन एवं मजदूरी मद में नियमानुसार नियन्त्रण, स्वीकृत बजट के अन्दर निर्धारित लक्ष्यों के अनुपात आवश्यक कार्यवाही हेतु मिल अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए आवयक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी, प्रधान प्रबन्धक, चीनी मिल, नानपारा ज्योति मौर्या, मुख्य अभियन्ता वीरेन्द्र कुमार, मुख्य रसायनविद गजेन्द्र सिंह, मुख्य लेखाकार गीतेन्द्र कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी गौरव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सालपुर बाजार में ग्राम समाज की जमीन पर हो रहा है ताबड़तोड़ अवैध निर्माण

**जिला प्रशासन और लेखपाल की जानकारी में हो रहा है निर्माण**

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

यहां एक कहावत चरितार्थ होते दिख रही है की देखा देखी पाप और देखा देखी पुण्य कहने का तात्पर्य है की सालपुर बाजार जो ग्राम समाज की भूमि पर बसा है और ग्राम समाज की भूमि की रक्षा करना लेखपाल ,कानून गो और उप जिलाधिकारी सदर की जिम्मेदारी बनती है किंतु यहां एक अवैध निर्माण पर काफी दिन तक शटरिंग लगा हुआ था उप



जिला अधिकारी सदर के संज्ञान में बात आई तो उन्होंने वहां के लेखपाल पर तो कार्रवाई कर दिया किंतु उस अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं किया जिस कारण कुछ दिनों बाद उस पर छत पड़ गया छत पड़े हुए लगभग तीन माह हो गए।

किंतु उप जिलाधिकारी सदर के द्वारा सिर्फ यही कहा जा रहा है कि हमने रिपोर्ट मंगवाई है अभी रिपोर्ट नहीं आई है एक निर्माण पर छत पड़ चुका है उसके दो-तीन दुकान के फासले पर एक और अवैध निर्माण जारी है।

इसके बारे में उप जिला अधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता जी को जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा की मैं तहसीलदार साहब को भेज कर कार्यवाही कराता हूं ।

# 28 लाभार्थियों को मिलेगा 80 हजार का अनुदान

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिला दुग्ध उद्योग शाखा के प्रबंधक अनुज कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री गौ संवर्द्धन योजन के अंतर्गत जिले में प्रत्येक 28 लाभार्थियों को 80 हजार रुपए का अनुदान गौ पालक के लिए दिया जाएगा। जिस में प्रत्येक लाभार्थियो को अच्छी नस्ल की दो गाय रखनी होगी। उन्हों ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऑनलाइन 166आवेदन मिले है जिस में कमेटी के माध्यम से 28 लाभार्थियों का चयन होगा। इस में लाटरी के माध्यम से 14 महिला व 14 पुरुष का चयन किया जाएगा। जिस की तिथि कमेटी द्वारा तय की जाएगी।

# स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए पवन जायसवाल

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

जायसवाल सभा महासभा दिल्ली की ओर से केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक के लोधी स्टेट स्थित उनके आवास कोठी नंबर एक पर आयोजित दीपावली मिलन समारोह व अन्य कार्यक्रम के दौरान जायसवाल समाज के कई राज्यों से आए पत्रकारों को सम्मानित किया गया।



जिस क्रम में उत्तर प्रदेश के जनपद गोंडा से प्रधान संपादक हि. दै. बदलता स्वरूप पवन जायसवाल, मऊ से यूनिवार्ता संतोष जायसवाल, उज्जैन, जबलपुर से सम्पादक राजेश राय, दिल्ली से आज तक के अनूप गुप्ता आदि दर्जनों मीडिया के लोगों को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के स्टांप पंजीयन एवं न्यायालय शुल्क के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री रविंद्र कुमार जायसवाल के द्वारा अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया उनके साथ उत्तराखंड के पूर्व राज्य मंत्री रामकुमार वालिया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, पूर्व कुलपति गुलाब चंद्र जायसवाल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लेखाधिकारी निर्मल कुमार जायसवाल, रेल मंत्रालय के सेक्शन अफसर गुलाब चंद्र जायसवाल, जायसवाल महासभा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र जायसवाल अधिवक्ता उच्च न्यायालय दिल्ली कोयंबटूर से अटल गुप्ता इंदौर से अशोक जायसवाल महाराष्ट्र से फूलचंद जायसवाल, दिल्ली से बृजेश गुप्ता व वर्षा जायसवाल गोरखपुर से राजकुमार जायसवाल व पूरे भारतवर्ष से समाज के सैकड़ो उच्च पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# थानाध्यक्ष के उल्टा लटकाकर पीटने की एसपी से की शिकायत

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक शिकायत पत्र देकर थाना उमरी बेगम गंज क्षेत्र के आदम पुर निवासी गोविंद प्रसाद पुत्र प्यारे लाल ने कहा कि उनके घर के सामने एक प्रधान प्रतिनिधि से आबादी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है जिस की शिकायत उसने थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय से की जिससे वे भड़क उठे और उसे थाने में लाकर उल्टा लटकाकर मारापीट और जमीन के पास न जाने की हिदायत भी दे दिया। जिससे पीड़ित को चोये आई जिस की शिकायत पुलिस अधीक्षक से किया है। वही प्रभारी निरीक्षक उमरी बेगम गंज नरेंद्र कुमार राय ने बताया कि गोविंद प्रसाद चार भाई



है। इनका आपस में विवाद चल रहा है। कानून गो लेखपाल ने उस की जमीन को बराबर चारों भाइयों को आपस में बंटवारा कर दिया है। गोविंद प्रसाद भाइयों का हिस्सा भी मारना चाह रहा है। मार ने पीटने का आरोप निराधार है ।

# खाद्य विभाग को मिला एक कुंतल मावा, किया नष्ट

**खाद्य पदार्थ विनिर्माण की अनुमति प्राप्त नहीं होगी तब तक उपरोक्त प्रतिष्ठान पर नही बनेगा खाद्य पदार्थ**

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

दीपावली त्योहार को देखते हुए अपर आयुक्त खाद्य विभाग राम नरेश, डीओ अजीत मिश्रा,फूड अधिकारी अंकुर व चीफ संजय सिंह के नेतृत्व एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा खाद्य टीम ने रोडवेज बस स्टैंड पर सूत्रों से मिली सूचना पर एक कुंतल से अधिक नकली खोवा लावारिस पाया गया, टीम द्वारा मावे के मालिक की काफी तलाश की गयी लेकिन कोई नहीं मिला खैर लावारिस मिले खोवे को विभाग ने अपने कब्जे में लेकर नष्ट करने की बात कही साथ ही यह बताया कि विगत दिनों से अब तक पांच लाख से अधिक कीमत की नकली मावा बरामद किया जा चुका और जिसके मालिक मिले उनके विरुद्ध कार्यवाही भी की गयी छापा मार कार्रवाई मे खोया, घी व बूंदी के जाँच हेतु नमूने संकलित किये गये जा रहे है जो आगे भी चलता रहेगा। गड़बड़ी पाए गये प्रतिष्ठान पर खाद्य पदार्थों के विनिर्माण कार्य को बंद कराते हुए प्रतिष्ठान मालिक को स्पष्ट व सख्त निर्देश दिया




कि जब तक कि उपरोक्त प्रतिष्ठान को नियमानुसार खाद्य पदार्थ विनिर्माण की अनुमति प्राप्त नहीं होगी।

तब तक उपरोक्त प्रतिष्ठान पर खाद्य पदार्थ नही बनेगा। उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरुद्ध क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान तेज



**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को थाना क्षेत्र पयागपुर के अंतर्गत चौकी बभनियावां में पुलिस की सख्ती से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। चौकी इंचार्ज शिवम त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए एक-एक वाहन की गहनता से जांच की। इस दौरान अपूर्ण कागज, काली फिल्म, तेज रफ्तार और ट्रिपल सवारी करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए चालान की झड़ी लगा दी। अभियान के दौरान नियम तोड़ने वाले कई वाहन चालकों को मौके पर ही समझाइश दी गई, जबकि जिद पर अड़े चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई चालक तो पुलिस को देखकर वाहन मोड़ते नज़र आए। अभियान के दौरान धनई दीवान, कुलदीप यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं तो सड़क पर बेखौफ फर्राटा भरने वालों की रफ्तार अपने आप धीमी पड़ जाएगी।

# कोहरे के कारण बालाजी जा रही बोलेरो सड़क किनारे खड़ी कंटेनर से टकराई

**हादसे में पांच लोग घायल**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नानपारा लखीमपुर मार्ग पर जालिम नगर पुल के समीप सड़क किनारे खड़ी कंटेनर से बाला जी जा रही लगभग आधा दर्जन श्रद्धालुओं से भरी बोलोरो टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई की इस टक्कर में बोलेरो में सवार पांच लोग घायल हो गए।

आसपास के लोगों द्वारा एंबुलेंस के जरिए सभी घायलों को सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल 32 वर्षीय आनंद पुत्र मुल्लूदास, 46 वर्षीय रामदयाल पुत्र



सुंदरलाल,13 वर्षीय लक्ष्मी पुत्र रामदयाल निवासी बोझिया को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अन्य दो घायलों 62 वर्षीय श्री प्रकाश बाजपेई पुत्र दयाशंकर, 62 वर्षीय राम कुबेर पुत्र बिग्गू प्रसाद का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर घायल श्री प्रकाश बाजपेई ने बताया कि सभी लोग बोझिया के निवासी थे। जो बोलेरो में सवार होकर श्री बालाजी मंदिर जा रहे थे। जालिम नगर पल के समीप एक कंटेनर खड़ा हुआ था। कोहरे के कारण ड्राइवर की नजर न पड़ने के कारण यह हादसा हुआ है।

# 8 लाख की कफ सिरप-टैबलेट जब्त,वाहन पर मिला विधायक लिखा पास, दो हिरासत में

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** औषधि विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार और घर से करीब आठ लाख रुपये मूल्य की कफ सिरप और नारकोटिक्स टैबलेट बरामद की हैं। इस दौरान दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। बरामद वाहन पर विधायक का पास लगा था, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। देवीपाटन मंडल के सहायक औषधि आयुक्त मुकेश जैन को जिले में बड़े पैमाने पर नारकोटिक्स दवाओं के अवैध भंडारण की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर उन्होंने औषधि निरीक्षक बहराइच और श्रावस्ती के साथ मिलकर थाना दरगाह के सलारगंज इलाके में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कोडीन युक्त सिरप और पेन किलर टैबलेट की भारी मात्रा जब्त की गई। आयुक्त जैन ने बताया कि अली नामक व्यक्ति द्वारा बड़े पैमाने पर दवाएं खरीदने की जानकारी मिली थी।

# राज्यपाल ने प्रदान की अजय कुमार यादव को पीएचडी उपाधि

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

अयोध्या में आयोजित डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में डॉ. अजय कुमार यादव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। सोमवार को आयोजित इस समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उन्हें यह उपाधि दी। डॉ.अजय कुमार यादव ने केमिस्ट्री विषय में अपना शोध कार्य प्रो.आशुतोष सिंह (रसायन विज्ञान विभाग केएस साकेत महाविद्यालय अयोध्या) के निर्देशन में पूरा किया है। उनके कई शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। वे तुल्ला पुरवा परेड सरकार



निवासी राम दीन यादव के पुत्र हैं, जो कोषागार गोंडा से कैशियर पद से सेवानिवृत्त हैं। इस अवसर पर उनके परिवार सहित विधायक बलरामपुर सदर एवं पूर्व मंत्री पल्टूराम, विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, मनोज यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ.अजय कुमार यादव को बधाई दी है।

# देवरानी ने भांजे संग मिलकर कराई चोरी, चार गिरफ्तार

**10 लाख के जेवर सहित कैश बरामद**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

पांच दिन पहले हुई दस लाख रुपए की दिनदहाड़े चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने घर की छोटी बहू समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी किए गए जेवर और नकदी बरामद की गई है। मंसूरगंज निवासी सलमा बेगम अपनी देवरानी शमा के साथ 10 तारीख को दोपहर में सत्तीकुआं में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। शाम को घर लौटने पर उन्होंने देखा कि अलमारी और बक्सों के ताले टूटे हुए थे। घर से दस लाख रुपए के जेवरात



और 60 हजार रुपए नगद गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर दरगाह पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल खुलासे के निर्देश दिए। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दरगाह पुलिस के साथ स्वाट टीम को जांच में लगाया। जांच के दौरान पुलिस टीम को सलमा की देवरानी शमा पर शक हुआ। गहन पूछताछ के बाद पुलिस ने शमा समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शमा ने अपने भांजे के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि दरगाह थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह, स्वाट प्रभारी मनोज सिंह यादव, उप निरीक्षक आशुतोष राय, कामेश्वर राय और नवनीत कुमार की टीम ने मॉल गोदाम रोड से आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से चोरी किए गए दस लाख रुपए के जेवर और 60 हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है।

# कृष्ण मोहन शुक्ल का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित

विशेश्वरगंज बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को ब्लॉक सभागार विशेश्वरगंज संस्कृत की मधुर ध्वनि और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जब श्री राम जानकी शिव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परसिया आलम के प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन शुक्ल का भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। संस्कृत शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर नागरिकों और शिक्षकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। यह समारोह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जनपद बहराइच (क्षेत्र विशेश्वरगंज) एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से हुआ। सभागार खचाखच भरा रहा, संस्कृत की जय और गुरु वंदन के नारों से पूरा माहौल रोमांचित



हो उठा। मंच पर अतिथियों का स्वागत पुष्पवर्षा, शॉल और प्रतीक चिह्न से किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा–÷कृष्ण मोहन शुक्ल जैसे समर्पित शिक्षक संस्कृत भाषा और भारतीय शिक्षा परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं। इनके अथक प्रयासों से विद्यालय और क्षेत्र, दोनों का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारत की आत्मा है, और ऐसे शिक्षक इस आत्मा को जीवंत रखने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख सच्चिदानंद पाठक,निशंक त्रिपाठी, आनंद पांडे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संरक्षक बलदेव प्रसाद पांडे, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष शरद चंद्र शुक्ल, ब्लॉक महामंत्री राजीव कुमार तिवारी, प्रशांत शुक्ल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र ने की, जबकि मंच संचालन रवि मोहन शुक्ल ने शानदार ढंग से किया।

# तहसीलदार ने विभिन्न स्थानों पर खोया दुकानों का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार मिहींपुरवा धर्मेंद्र कुमार ने सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ मिलकर ग्राम सुमईगौढ़ी, मिहींपुरवा की गुडगुड डेयरी और अन्य कई गांवों में खोया दुकानों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान दुकानदारों से आवश्यक दस्तावेज और बिक्री रिकॉर्ड मांगे गए और उत्पादों से नमूने लिए गए । तहसीलदार मिहींपुरवा धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि त्योहारों के समय उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है । निरीक्षण और नमूना जांच के माध्यम से हम सुनिश्चित करना चाहते हैं।

# वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के मटेरा नानपारा मार्ग पर सोमवार शाम एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना चीनी मिल के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन द्वारा बाइक को टक्कर मारने से हुई। नानपारा इलाके के मेहरबान नगर निवासी शकूर खान अपने साले शमसुद्दीन के साथ बाइक से गुलाल पुरवा जा रहे थे।

चीनी मिल के सामने पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से नानपारा



स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद शमसुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। शकूर खान की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक शमसुद्दीन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्यवाही में जुट गई है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है।

# जंगली हाथियों का हंगामा, दो घंटे में किया फसल बर्बाद

**गजमित्रों ने सायरन बजाया, अधिकारियों ने खदेड़ा**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

कतर्नियाघाट वन क्षेत्र की ग्राम पंचायत कारीकोट के जमुनिहा गांव में सोमवार रात 50 से अधिक जंगली हाथियों के झुंड ने दो घंटे तक उत्पात मचाया। हाथियों ने गांव में फसलों को भारी नुकसान पहुँचाया। हाथियों के गांव में घुसते ही गजमित्रों की टीम सक्रिय हो गई। गजमित्रों ने टॉर्च और सायरन का उपयोग कर ग्रामीणों को सतर्क किया। इस दौरान, हाथियों ने गांव निवासी ध्यान सिंह की दो बीघा गन्ने की फसल और संतोष की चार बीघा धान की फसल को बर्बाद कर दिया। सूचना मिलने पर कतर्नियाघाट के रेंजर आशीष गौंड वन कर्मियों और गजमित्रों की टीम के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने पेट्रोलिंग कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। पिछले कई दिनों से कतर्नियाघाट जंगल से सटे आबादी वाले क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही देखी जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों और फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गजमित्रों की टीम को लगातार अलर्ट पर रखा है।

# एनडीए कैडेट की मौत पर ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च

**मां बोलीं, मेरा बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के रूपईडीहा इलाके के सुमेरपुर गांव के रहने वाले सेना में सूबेदार रवि सिंह के बेटे अंतरिक्ष सिंह (18) का राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चयन हुआ था। शुक्रवार को हॉस्टल के कमरे में उसका शव संदिग्ध हालात में मिला। अधिकारियों की ओर से घटना को आत्महत्या बताया गया था, लेकिन परिवार इस पर यकीन नहीं कर पा रहा। रविवार को जब अंतरिक्ष का शव गांव पहुंचा, तो पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।



सोमवार देर शाम सुमेरपुर में ग्रामीणों ने अंतरिक्ष के परिजनों के साथ कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग की।मृतक की मां सीमा सिंह ने आरोप लगाया कि अकादमी प्रशासन ने उन्हें सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखाई, न ही स्थानीय पुलिस ने कोई ठोस जानकारी दी। उन्होंने कहा- मेरा बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता। उसके मन में देश के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून था। यह आत्महत्या नहीं, हत्या है। हमें न्याय चाहिए। परिजनों ने एनडीए में बेटे के साथ रैगिंग और मानसिक उत्पीड़न की आशंका जताई है। अंतरिक्ष के दादा ने बताया कि उसका एक सीनियर लगातार उसे परेशान करता था। वहीं छोटे भाई अभिनव सिंह ने भी कहा कि अंतरिक्ष ने पहले रैगिंग की बात घर पर बताई थी।होनहार छात्र की इस तरह मौत से पूरा गांव शोक में डूबा है और लोग लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं।

## उज्ज्वल भावों से भी जगमग हो स्त्रीमन

दीपावली, घर–आंगन को जगमगाने का ही पर्व नहीं, अपनी जिंदगी में प्रकाश पोसने का भी उत्सव है। लोक में फैले आलोक के बीच थोड़ी सी आभा अपने लिए सहेज लेने का वक्त है। झिलमिल सजावट और दीयों की जगमगाहट के उजाले में अपनी सज–धज के लिए सजग रहने का समय है। इसीलिए प्रकाश पर्व की जगमग वाली त्योहारी श्रृंखला की शुरुआत पर मन के माहौल को भी समझो। अपने व्यक्तित्व की आभा को आंकते हुए निखार–संवार की सोचो। भावनाओं की ज्योति से भविष्य की बेहतर संभावनाओं का मार्ग तलाशो। मत भूलो कि उम्र के हर पड़ाव पर मन–जीवन का उजास और उल्लास से भरे रहना जरूरी है। दीप पर्व की चमक–दमक में भीतरी जगमग को कायम रखने की सोचें। दीपपर्व बाहरी ही नहीं, भीतरी प्रसन्नता को खुलकर जीने की चमक साथ लाता है। अपना आंगन हो या आस–पड़ोस, स्वच्छता और परम्परागत संस्कारों की रोशन रिवायतों के बीच मन के कोने–कोने को उज्ज्वल बनाने की ठानें। मन को संयत रखने से जो आंतरिक चमक आती है, वह त्योहारी मौसम के बाद भी आपको खुशी की दीप्ति से लबरेज रखेगी। सोचिए कि सब कुछ संवारते–सजाते हुए आप ही टूटी बिखरी सी हैं तो आंगन की चमक के मायने? उत्सव के उल्लास का क्या अर्थ? दीपावली का त्योहार तो सुख–समृद्धि के हर पहलू से जुड़ा है। निरोगी काया से लेकर धन–दौलत और रिश्तों के रंग बनाये रखने तक, सकारात्मक सोच से अपनी झोली में उजाला भर लेने का उत्सव है। जो हर तरह के अंधकार पर विजय पाने का संदेश लिए है। फिर क्यों ना दीयों की बाती से बिखरती चमक के बीच अनुभूतियां भी प्रकाशित हों? आज के उलझते–बिखरते जीवन में उत्साह की इस रोशनी से अपनी जिंदगी को भी जगमग करने की राह चुनें। हर तरह की साज सज्जा में अपने प्रति स्वस्ति कामना का भाव भी जरूर हो। कभी–कभी दिल शिकायतों के अंधकार से भर जाता है। चाहे–अनचाहे मन डूबने लगता है। परिवेश में फैली त्योहारी रोनक की उजास में अपने जीवन से जुड़ी छोटी–बड़ी बातों को लेकर निराशा का अंधेरा घेरने लगता है। कभी बीते वक्त से जुड़ा अपराधबोध तो कभी भविष्य की चिंता। स्त्री मन उलझनों के स्याह दायरे में आ ही जाता है। कुछ कमी होने के ख्यालों के बीच हमारा मस्तिष्क जो कुछ है, उसे भी नहीं देख पाता। इस मन:स्थिति में घिरी हैं तो अपने आसपास देखने पर पाएंगी कि कहीं किसी जर्जर घर के द्वार पर दीपक की ज्योत मुस्कुरा रही है। हर दिन अनगिनत उलझनों को जीने वाले लोगों की बस्तियां भी झिलमिल उजास की सजावट लिए हैं। अभावों से जूझ रहे लोगों के आंगन में भी रंगोली उकेरी जा रही हैं। सालभर अपनों से दूर रहने वाले लोग गांव–घर लौट रहे हैं। यह अवलोकन आपके मन में नयी ऊर्जा की ज्योति जलायेगा। आप हर परेशानी को भूल जीवन में मिली ब्लेसिंग्स को देख पाएंगी। दीप्ति बिखेरते दीयों की कतारों के बीच अपने मन को बोझिल होने से बचाने लिए आभार का यह भाव आवश्यक है। प्रकाश पर्व मनाने की सबसे सुंदर और सार्थक रीत यही है कि मन में पॉजिटिविटी की छटा बिखर जाए। मां लक्ष्मी की उपासना का पर्व अपने व्यक्तित्व को सजाने–संवारने से भी जुड़ा है। रूप को आलोकित करने के लिए बाकायदा रूप चौदस का दिन एक के बाद एक मनाये जाने वाली इस त्योहारी कतार का हिस्सा है। आप तो खुद गृहलक्ष्मी हैं। सेहत की संभाल हो या निखार–संवार, खुद की अनदेखी कभी ना करें। सुख–समृद्धि को बटोरते जाने के बजाय उसे जीने का भाव लाएं। आमतौर पर स्त्रियां सब कुछ जुटाती जाती है।

# दशहरा व दिवाली के बीच के ये बीस दिन : एकात्मता व समरसता का काल

**रमेश शर्मा**



**रामजी के अयोध्या लौटने पर अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया। यही परंपरा आगे चलकर दीपावली के रूप में विकसित हुई। परंतु दीपावली केवल दीप प्रज्वलन का त्यौहार नहीं है, यह समाज के हर वर्ग की सहभागिता का उत्सव है। दीपावली की तैयारी दशहरे के तुरंत बाद प्रारंभ होती है। घरों की सफाई, लिपाई-पुताई, नई वस्तुओं की खरीदारी, घरों और बाजारों की सजावट, इन सबमें समाज के हर वर्ग का श्रम और योगदान होता है। कोई झाड़ू बनाता है, कोई रंग, दीये, मिठाइयाँ या आभूषण। कोई घर सजाता है, तो कोई वस्तुएँ बेचता है। यह सामूहिक श्रम और परस्पर सहयोग ही दीपावली की आत्मा है। यही कारण है कि दीपावली के दिन केवल लक्ष्मी पूजन नहीं होता, बल्कि यह सम्पूर्ण समाज के परिश्रम और सहभागिता का सम्मान है।**

भारतीय संस्कृति में हर पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि गहन सामाजिक, आध्यात्मिक और नैतिक संदेश देने वाला माध्यम है। विजयादशमी और दीपावली के बीच आने वाले बीस दिन इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। ये केवल कैलेंडर की बीस तिथियां नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने, समरसता और सहयोग की भावना जगाने की अवधि हैं। यह वही काल है जब श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौटे थे। रामजी की इस वापसी यात्रा और दीपावली की तैयारी के बीच गहरा सांस्कृतिक और मानवीय संबंध है। वध अश्विन शुक्ल दशमी को हुआ था, जिसे हम आज विजयदशमी के रूप में मनाते हैं। किंतु श्रीराम अयोध्या लौटे कार्तिक अमावस्या को, अर्थात् बीस दिन बाद। यह विलंब उत्सव या विश्राम का नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का था।

रामजी लंका-विजय के पश्चात केवल दो दिन वहीं ठहरे, एक दिन रावण और उसके परिजनों के अंतिम संस्कार हेतु, और अगले दिन विभीषण के राज्याभिषेक के लिए। इसके बाद उन्होंने विभीषण से अनुमति लेकर पुष्पक विमान से उत्तर की ओर प्रस्थान किया। परंतु वे सीधे अयोध्या नहीं लौटे। उन्होंने उसी मार्ग से यात्रा की, जिससे वे वनवास में और लंका युद्ध के लिए गए थे।रामजी हर आश्रम, हर ग्राम, हर वन्य समाज से पुनः मिले। ऋषियों, तपस्वियों, वनवासियों, भील, निषाद, किरात सभी से संवाद किया। यह यात्रा केवल वापसी नहीं थी; यह पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में बाँधने की प्रतीक थी। उन्होंने हर समाज-समूह को साथ चलने का निमंत्रण दिया, और अनेक समाज प्रमुख पुष्पक विमान में उनके साथ चले। इन अठारह दिनों में रामजी ने समाज को यह संदेश दिया कि यदि समाज संगठित रहेगा, तो कोई भी आसुरी शक्ति उसे पराजित नहीं कर सकती। रामजी ने इस यात्रा के माध्यम से यह भी बताया कि जो लोग कठिन समय में साथ देते हैं, उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। निषादराज, सुग्रीव, विभीषण, शबरी, जटायु जैसे सहयोगियों के प्रति उनका सम्मान इसका प्रमाण है। उन्होंने यह आदर्श प्रस्तुत किया कि जाति, वर्ग, वर्ण या स्थिति कोई भी हो, सहयोग और सद्भाव ही सच्चा धर्म है।

रामजी के अयोध्या लौटने पर अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया। यही परंपरा आगे चलकर दीपावली के रूप में विकसित हुई। परंतु दीपावली केवल दीप प्रज्वलन का त्यौहार नहीं है, यह समाज के हर वर्ग की सहभागिता का उत्सव है। दीपावली की तैयारी दशहरे के तुरंत बाद प्रारंभ होती है। घरों की सफाई, लिपाई-पुताई, नई वस्तुओं की खरीदारी, घरों और बाजारों की सजावट, इन सबमें समाज के हर वर्ग का श्रम और योगदान होता है। कोई झाड़ू बनाता है, कोई रंग, दीये, मिठाइयाँ या आभूषण। कोई घर सजाता है, तो कोई वस्तुएँ बेचता है। यह सामूहिक श्रम और परस्पर सहयोग ही दीपावली की आत्मा है। यही कारण है कि दीपावली के दिन केवल लक्ष्मी पूजन नहीं होता, बल्कि यह सम्पूर्ण समाज के परिश्रम और सहभागिता का सम्मान है। यह पर्व बताता है कि हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पेशे, वर्ग या स्थान से जुड़ा हो, समाज की समृद्धि में समान रूप से भागीदार है।

भारतीय परंपरा में वसुधैव कुटुम्बकम् केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य है। यहाँ हर प्राणी को समान सम्मान देने की भावना है। रामायण इसका सजीव उदाहरण है; रामजी के मित्र सुग्रीव, निषादराज, विभीषण और हनुमान भिन्न समाजों से थे, परंतु सब समान सम्मान के पात्र थे। भारतीय संस्कृति ने कभी जन्म, वर्ग या वर्ण के आधार पर श्रेष्ठता नहीं मानी। यहाँ कर्म और गुण ही पहचान हैं। इसलिए चाहे वनवासी हों या नगरवासी, किसान हों या व्यापारी, सब एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस प्रकार वृक्ष की शाखाएँ अलग-अलग दिशाओं में फैलती हैं, पर मूल एक ही होता है, उसी प्रकार विविध समाज और समुदाय मिलकर एक ही मानवता का वृक्ष बनाते हैं।

दीपावली के दिनों में केवल घर नहीं, पूरा समाज आलोकित होता है। यह बाहरी स्वच्छता के साथ भीतरी शुद्धता का प्रतीक है। पुरानी वस्तुओं को हटाना, नई चीज़ों को लाना, यह केवल भौतिक क्रिया नहीं बल्कि ÷नवजीवन÷ का संकेत है। दीपावली के माध्यम से समाज में श्रम का सम्मान, सहयोग की भावना और सामूहिक प्रगति का आदर्श स्थापित होता है। यह केवल धन या सौभाग्य का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मबल, विश्वास और परस्पर जुड़ाव का पर्व है। युग बदल गए, परंतु रामायण का यह सन्देश आज भी प्रासंगिक है। विजयादशमी से दीपावली तक का यह काल हमें याद दिलाता है कि समाज का सच्चा बल संगठन, प्रेम और परस्पर सहयोग में है। यदि समाज विभाजित होगा, तो दानवी शक्तियाँ प्रबल होंगी; यदि संगठित रहेगा, तो सुसंस्कृत जीवन सुरक्षित रहेगा। आज भी जब हम दीप जलाते हैं, तो केवल श्रीराम की अयोध्या वापसी नहीं, बल्कि उसी एकता और समरसता की ज्योति जलाते हैं जो भारत की आत्मा है। दीपावली का यह प्रकाश हमें याद दिलाता है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह कारीगर हो, किसान हो, व्यापारी हो या गृहिणी राष्ट्र के इस दीपोत्सव का समान सहभागी है।

अतः विजयादशमी से दीपावली तक के बीस दिन केवल धार्मिक या पौराणिक महत्व के नहीं हैं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से यह आत्मसात करने का काल है। यही अवधि हमें सिखाती है कि उत्सव का अर्थ केवल आनंद नहीं, बल्कि परिश्रम, सहयोग और समरसता है। रामजी ने लंका विजय के बाद जिस एकात्मता का संदेश दिया, वही आज दीपावली की तैयारी में झलकता है; सब एक-दूसरे के पूरक हैं, सबकी आवश्यकता है, और सबका सम्मान समान है। यही भारतीय संस्कृति की आत्मा है, यही राष्ट्र की शक्ति है। इस प्रकार दशहरा और दीपावली के बीच के ये बीस दिन केवल दो पर्वों के बीच का अंतराल नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र और समाज को एक सूत्र में बाँधने की जीवंत अवधि हैं, जो हमें यह सिखाती है कि जब सब एक-दूसरे के दीप बन जाएँ, तभी सच्ची दीपावली होती है।

## नव-बौद्धों ने हिन्दू दलितों की अपेक्षा अधिक प्रगति की

**एस आर दारापुरी**

डा. बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर ने सबसे पहले 1927 में महाड़ तालाब सत्याग्रह के दौरान धर्म परिवर्तन का संकेत दिया था जब उन्होंने कहा था, हम समाज में समान अधिकार चाहते हैं। हम जहां तक संभव होगा हिन्दू समाज में रहते हुए प्राप्त करेंगे या यदि जरूरी हुआ तो इस बेकार हिन्दू पहचान को लात मार कर करेंगे। शुरू में डा. अंबेडकर ने हिन्दू समाज में सुधार लाने की पूरी कोशिश की। वे हिन्दू धर्म में रहते हुए ही छुआछूत दूर करना चाहते थे।

उनका महाड़ सत्याग्रह एवं नासिक कालाराम मंदिर सत्याग्रह (1930) उनके हिन्दू धर्म को सुधारने के लगातार प्रयासों के स्पष्ट उदाहरण हैं। अंत में, बाबासाहेब ने दुख के साथ महसूस किया कि सवर्ण हिंदुओं के व्यवहार को बदलना असंभव है। अतः उन्होंने हिन्दू धर्म को त्यागने का फैसला किया। घुमाव का बिन्दु अक्तूबर 1935 में आया जब डा. अंबेडकर ने झटका देने वाली घोषणा कीरू मैं हिन्दू अछूत पैदा हुआ यह मेरे बस की बात नहीं थी परंतु मैं हिन्दू के रूप में मरूँगा नहीं। 1936 में डा. अंबेडकर ने इस्लाम, ईसाई तथा सिख तीन धर्मों, जिनके स्पष्ट अलग अलग लाभ थे, में से एक धर्म को चुनने का विकल्प रखा। इन तीन धर्मों में इस्लाम तथा ईसाई धर्म अपनाने के बारे में उनका मत था कि इससे डिप्रेस्ड क्लासेस का विराष्ट्रीयकरण हो जाएगा और इससे स्वतंत्रता संघर्ष असंगठित हो जाएगा जबकि सिक्ख धर्म अपनाने से देश को कोई खतरा नहीं होगा। वास्तव में मई 1936 में डा. अंबेडकर ने अपने बड़े बेटे यशवंत और 13 अन्य लोगों को सिक्ख धर्म का अध्ययन करने के लिए सवर्ण मंदिर अमृतसर भेजा। परंतु जब उन्हें रिपोर्ट मिली कि जट सिक्ख भी दलित सिक्खों पर हिंदुओं की तरह ही अत्याचार एवं छुआछूत करते हैं तो उन्होंने सिक्ख धर्म अपनाने का विचार छोड़ दिया।

डॉ. बाबासाहेब भीम राव आंबेडकर ने 31 मई, 1936 को दादर (बम्बई) में धर्म परिवर्तन क्यों? विषय पर बोलते हुए अपने विस्तृत भाषण में कहा था, मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूँ कि मनुष्य धर्म के लिए नहीं बल्कि धर्म मनुष्य के लिए है। अगर मनुष्यता की प्राप्ति करनी है तो धर्म परिवर्तन करो। समानता और सम्मान चाहिए तो धर्म परिवर्तन करो। स्वतंत्रता से जीविका उपार्जन करना चाहते हो धर्म परिवर्तन करो। अपने परिवार और कौम को सुखी बनाना चाहते हो तो धर्म परिवर्तन करो। 28 अगस्त, 1937 को बाबासाहेब ने अछूतों के समूह को संबोधित करते हुए अपने शिष्यों को हिन्दू धर्म के त्योहार मनाने को त्यागने हेतु कहा। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन तो होकर रहेगा ही परंतु इस मामले में काफी सोचने समझने की जरूरत है। नया धर्म काफी जांच पड़ताल के बाद ही अपनाया जाएगा। अंत में बाबासाहेब ने 14 अक्तूबर, 1956 को दीक्षा भूमि नागपुर में पाँच लाख अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया और कहा कि, आज मेरा नया जन्म हुआ है। जब बाबासाहेब ने आछूतों के धर्म परिवर्तन की बात चलाई थी तो इसका विरोध न केवल सवर्णों बल्कि अछूत नेताओं ने भी किया था।

सवर्ण नेताओं का कहना था कि डा. अंबेडकर अछूतों को गुमराह कर रहे हैं। इससे उन्हें कोई फायदा होने वाला नहीं है। इसके विपरीत कुछ का यह भी तर्क था कि डा. अंबेडकर मरे पशुओं को न उठाने की बात कह कर उनको चमड़े तथा हड्डियों से होने वाले चार सौ रुपए के लाभ से वंचित कर रहे हैं। इस पर डा. अंबेडकर ने कहा कि मैं मरे पशु के लिए पाँच सौ रुपए देता हूँ। सवर्ण आगे आएं और मरे पशु को उठाकर लाभ कमाएं और मुझ से पाँच सौ रुपए भी ले लें। परंतु कोई सवर्ण सामने नहीं आया। कुछ अछूत नेता धर्म परिवर्तन का यह कह कर विरोध कर रहे थे कि हमें अपने पुरखों का धर्म नहीं छोड़ना चाहिए और हिन्दू रह कर अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि इससे अछूतों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में कोई अंतर आने वाला नहीं है।

**विचार**

# कर्नाटक में आरएसएस पर अघोषित आपातकाल की तैयारी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**हर बार संघ ने शांतिपूर्ण तरीके से जवाब दिया। उसने कभी हिंसा का सहारा नहीं लिया, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चीन युद्ध से लेकर कोविड महामारी तक, हर संकट में संघ के स्वयंसेवक देश के आम जन की सेवा करते हुए और उन्हें हर संभव मदद पहुंचाते हुए ही नजर आए हैं। वे राहत कार्यों में अग्रिम पंक्ति में रहते हैं। ऐसे में ये सवाल स्वभाविक तौर पर उठता है कि क्या कर्नाटक सरकार सचमुच संवैधानिक आधार पर कदम उठा रही है या फिर यह एक वैचारिक द्वेष से प्रेरित राजनीतिक रणनीति है? सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से ट्रेंड कर रहा है। वामपंथी संगठनों, सेकुलर लॉबी और इस्लामी कट्टरपंथी समूहों से जुड़े कई हैंडल इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष का उत्सव मना रहा है। समाज में संगठन के योगदान और उसके अनुशासन, सेवा व राष्ट्रभाव की भावना को लेकर देशभर में कार्यक्रम आरंभ हुए हैं। लेकिन अभी इस उत्सव की गूँज शुरू ही हुई कि कर्नाटक की राजनीति में एक नया विवाद उठ खड़ा हुआ है। राज्य सरकार के मंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को एक पत्र लिखकर सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, पार्कों और मंदिरों में आरएसएस की शाखाओं और कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। चार अक्टूबर को लिखे गए इस पत्र को मुख्यमंत्री कार्यालय ने 12 अक्टूबर को सार्वजनिक किया।

सिद्धारमैया ने मुख्य सचिव शालिनी राजनिश को पत्र भेजकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। इससे साफ हो गया कि कर्नाटक सरकार अब संघ के विरुद्ध सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। प्रियांक खरगे का आरोप है कि आरएसएस सरकारी व सहायता प्राप्त संस्थानों में बिना अनुमति शाखाएं चला रहा है, जहां लाठी लेकर नारेबाजी की जाती है और बच्चों के दिमाग में नफरत भरी जाती है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि ये गतिविधियां संविधान की भावना और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ हैं, इसलिए इन पर तत्काल रोक लगाई जाए। दरअसल ये पहली बार नहीं जब प्रियांक ने ऐसा बयान दिया हो। जुलाई 2025 में उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आई तो कानूनी प्रक्रिया के तहत पूरे देश में आरएसएस पर प्रतिबंध लगाएगी। उस वक्त भी भाजपा ने इसे हिंदू-विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताया था। अब वही विचार कर्नाटक में सरकारी दस्तावेज का रूप लेता दिख रहा है।

इस संबंध में उल्लेखित है कि आरएसएस का इतिहास इस बात का गवाह है कि प्रतिबंधों ने इसे कमजोर नहीं किया, यह ऐसे कठिन दौर में अत्यधिक संगठित रूप में ही लोगों के सामने आया है। आपको बतादें कि संघ पर पहला प्रतिबंध (1948) : महात्मा गांधी की हत्या के बाद। नाथूराम गोडसे के कथित संबंध के नाम पर 4 फरवरी 1948 को बैन लगाया गया था, लेकिन 18 महीने बाद जांच में संघ निर्दोष पाया गया और 12 जुलाई 1949 को बैन हटा। दूसरा प्रतिबंध (1975) में इंदिरा गांधी की इमरजेंसी में लगा । उस दौरान आरएसएस को अवैध घोषित किया गया, हजारों स्वयंसेवक जेल में ठूंस दिए गए, लेकिन इमरजेंसी खत्म होते ही संघ पहले से अधिक सक्रिय रूप में लौटा और जनसंघ-जनता पार्टी के पुनर्गठन में निर्णायक भूमिका निभाई। तीसरा प्रतिबंध (1992) में बाबरी विध्वंस के बाद पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार ने आरएसएस, विहिप और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाया, जो 1993 में अदालत से हट गया क्योंकि कोई ठोस सबूत नहीं मिला।

हर बार संघ ने शांतिपूर्ण तरीके से जवाब दिया। उसने कभी हिंसा का सहारा नहीं लिया, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चीन युद्ध से लेकर कोविड महामारी तक, हर संकट में संघ के स्वयंसेवक देश के आम जन की सेवा करते हुए और उन्हें हर संभव मदद पहुंचाते हुए ही नजर आए हैं। वे राहत कार्यों में अग्रिम पंक्ति में रहते हैं। ऐसे में ये सवाल स्वभाविक तौर पर उठता है कि क्या कर्नाटक सरकार सचमुच संवैधानिक आधार पर कदम उठा रही है या फिर यह एक वैचारिक द्वेष से प्रेरित राजनीतिक रणनीति है? सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से ट्रेंड कर रहा है। वामपंथी संगठनों, सेकुलर लॉबी और इस्लामी कट्टरपंथी समूहों से जुड़े कई हैंडल इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। आरोप वही पुराने हैं; फासीवाद, संघी मानसिकता, हिंदू राष्ट्रवाद। दिलचस्प यह है कि इसी दौरान कुछ निष्क्रिय या प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लोग भी इस मुहिम को हवा दे रहे हैं। जिस तरह यह ट्रेंड संगठित तरीके से फैलाया गया है, वह यह संकेत देता है कि यह केवल प्रियांक खरगे का व्यक्तिगत विचार नहीं बल्कि एक सुविचारित वैचारिक मोर्चा है। संघ की शाखाएं वर्षों से सार्वजनिक स्थानों पर लगती रही हैं; स्कूल के मैदान, पार्क या मंदिर परिसर, जहाँ न तो राजनीति होती है और न ही कोई प्रचार। वहां अनुशासन, योग, देशभक्ति और समाज सेवा की भावना सिखाई जाती है। फिर भी इन्हें निशाने पर लेना बताता है कि समस्या गतिविधियों से नहीं, विचार से है।



## राशिफल

**मेष:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**बृषभ:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मिथुन:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्क:-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें।

**कन्या:-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव।

**तुला:-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिक:-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी।

**धनु:-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकर:-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा।

**कुंभ:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने।

भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। आलस्य कतई न करें।

**मीन:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

# युद्ध और शांति के खेल में नोबेल

**दुनिया के कई देशों में सत्ता की मनमानी और लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति के खिलाफआवाजें उठाई जा रही हैं, सत्ता के दमन और अत्याचारों का सामना किया जा रहा है। मचाडो अगर लोकतंत्र के लिए संघर्ष करती रही हैं, तो दूसरी तरफ वे युद्ध के तरीकों की हिमायत भी करती रही हैं। खासकर इजरायल की वे समर्थक रही हैं। गजा पर बमबारी को वो इजरायल का सही फैसला मानती हैं। साथ ही मारिया अपने खुद के देश में सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए विदेशी ताकतों की मदद लेने से भी नहीं कतराती हैं।**

वैश्विक राजनीति में किस तरह नोबेल पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित सम्मान की आड़ में नए खेल रचे जा रहे हैं, इसका ताजा उदाहरण 2025 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए घोषित नाम पर सामने आया। वेनेजुएला की राजनेता मारिया कोरिना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। समिति ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार शांति के एक साहसी और ऐसी चौंपियन को दिया जाता है, जो बढ़ते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ को जलाए रखती है।

बता दें कि मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला की आयरन लेडी भी कहा जाता है, उन्होंने स्वतंत्र चुनावों को बढ़ावा देने वाले नागरिक समाज समूह सुमाते और लोकतांत्रिक परिवर्तन की वकालत करने वाले गठबंधन सोयवेनेजुएला की स्थापना में सहायता की। वे 2010-2015 से नेशनल असेंबली की सदस्य रही हैं। बताया जाता है कि पिछले कुछ सालों में मारिया को छिपकर रहना पड़ा था, क्योंकि उनकी जान को खतरा था, लेकिन वो देश छोड़कर नहीं गईं। नोबेल समिति का कहना है कि वेनेजुएला में रहना उनका फैसला था, जिससे कई लोगों को प्रेरणा मिली। जब तानाशाह सत्ता पर कब्जा कर लेते हैं, तो स्वतंत्रता के लिए लड़ने और सत्ता का विरोध करने वाले लोगों को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन यही पूरा सच नहीं है। न ही मचाडो दुनिया में अकेली ऐसी नेता हैं।

दुनिया के कई देशों में सत्ता की मनमानी और लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति के खिलाफ आवाजें उठाई जा रही हैं, सत्ता के दमन और अत्याचारों का सामना किया जा रहा है। मचाडो अगर लोकतंत्र के लिए संघर्ष करती रही हैं, तो दूसरी तरफवे युद्ध के तरीकों की हिमायत भी करती रही हैं। खासकर इजरायल की वे समर्थक रही हैं। गजा पर बमबारी को वो इजरायल का सही फैसला मानती हैं। साथ ही मारिया अपने खुद के देश में सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए विदेशी ताकतों की मदद लेने से भी नहीं कतराती हैं। 2018 में उन्होंने इजरायल और अर्जेंटीना को खत लिखकर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पद से हटाने की अपील की थी। 2 साल पहले अपनी एक पोस्ट में मारिया ने लिखा था कि श्वेनेजुएला का संघर्ष भी इजरायल की तरह है। मारिया ने यहां तक कहा था कि अगर वो सत्ता में आई तो इजरायल की आजादी में पूरी मदद करेंगी। ऐसे में सहज ही सवाल उठता है कि जिस इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्ध के आरोप हों, जिनकी बर्बरता पिछले दो सालों में दुनिया ने देखी है, उसका समर्थन करने वाला कोई भी शख्स आखिर किस तरह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार हो सकता है। लोकतंत्र की बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी करते हैं, बल्कि वे तो दुनिया में सात ऐसे युद्धों को बंद करवाने का दावा करते हैं, जिनके खत्म होने की संभावनाएं नहीं थीं और वे जारी रहते तो भीषण तबाही होती। भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रोकने का दावा भी कम से कम 40 बार ट्रंप कर चुके हैं, जिसे पाकिस्तान ने तो माना है, भारत ने इससे इंकार किया है। हालांकि फिर भी ट्रंप को झूठा कहने की हिम्मत नरेन्द्र मोदी ने अब नहीं दिखाई है। बहरहाल, इन युद्धों को रुकवाने की वजह से ट्रंप खुद को शांति पुरस्कार का सबसे बड़ा दावेदार मान चुके थे। कई बार इसका सार्वजनिक इजहार उन्होंने किया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने बाकायदा कहा कि वे ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश करते हैं। फिर गजा शांति समझौते के बाद जिस तरह अमेरिका समर्थक तमाम देशों ने ट्रंप की वाहवाही के ट्वीट किए, उससे जाहिर हुआ कि नोबेल शांति पुरस्कार के लिए जमकर गुटबंदी हो रही है। हालांकि मचाडो को पुरस्कार मिलने की घोषणा के बाद ट्रंप की सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। लेकिन मचाडो ने इस पुरस्कार को ट्रंप को समर्पित करने के साथ ही संकेत दे दिए कि अभी वैश्विक राजनीति में युद्ध और शांति के खेल की लंबी पारी उन्हें खेलनी है। इस बीच गजा शांति समझौते के बाद सोमवार को जब इजरायल और हमास के बीच कैदियों का आदान-प्रदान होना था, तब डोनाल्ड ट्रंप इजरायल पहुंच चुके थे। यहां उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। इस दौरान ट्रंप ने इजरायल और हमास के समझौते को अपनी आठवीं हल की गई संघर्ष उपलब्धि बताया और यह भी कहा कि मैंने ये सब नोबेल के लिए नहीं किया। यहां ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान का जिक्र भी किया कि अगर ये दोनों देश फिर युद्ध की ओर बढ़े, तो मैं टैरिफ लगाऊंगा। यह वही पुरानी धमकी है, जो मई में भी ट्रंप ने दी थी। तो मचाडो हों या ट्रंप, इनका इतिहास और वर्तमान यही सुझा रहा है कि दोनों ही शांति पुरस्कार के सही हकदार नहीं थे। ट्रंप को तो खैर नोबेल पुरस्कार मिला ही नहीं, लेकिम मचाडो को देने से क्या पुरस्कार की गरिमा कम हुई है, यह सवाल वैश्विक पटल पर उभरा है। अमेरिका स्थित मुस्लिम अधिकारों के लिए बने संगठन काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशन ने नोबल समिति को अपने फैसले पर फिर से विचार करने का सुझाव दिया है। संगठन का कहना है, नोबल समिति को एक बार फिर से सोचना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# जांच में दोषी पाए गये सचिव पर नहीं हुई कार्रवाई

- जांच पूरी होने के बाद भी काफी दिनों से दबाकर रखी गई थी जांच
- जिला पंचायती राज कार्यालय पर ग्रामीणों के विरोध करने पर मिली जांच की कापी



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

कमासिन विकासखंड के ग्राम पंचायत तिलौसा के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण व पंचायत सदस्यों ने जिला अधिकारी बांदा को 26 मार्च 2025 को शपथ पत्र सहित ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत किया था शिकायत करने के बाद डीएम के आदेश से जांच सीडीओ कार्यालय से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जांच अधिकारी चिन्हित किया गया था 17 जून 25 को जांच पूरी होकर जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में दे दी गई है जांच में दोषी भी प्रधान व सचिव मिले हैं।

7 लाख 14262 रुपए का गमन किया है लेकिन महीने पूर्ण होने के बाद भी अभी तक प्रधान व सचिव के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई ना ही ग्रामीणों को जांच दी गई थी मंगलवार को ग्रामीणों ने जिला पंचायती जिला राज अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा काटा तब जाकर उनको जांच की एक फोटो कॉपी की प्रति दी गई ग्रामीण को नहीं बताया गया शिकायतकर्ता गजराज सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि ग्रामीण 6 महीने में लगभग 50 चक्कर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय बांदा के लगा चुके हैं इसके बावजूद भी जांच नहीं दी जा रही थी। आज गांव से आधा दर्जन लोग आए थे जब विरोध किया तब जाकर जांच की छायाप्रति दी है। जांच में 7 लाख 14262 रुपए के सचिव और प्रधान दोनों दोषी भी पाए गए हैं लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। और 2 अक्टूबर 2025 को दोषी होने के बाद भी सचिव और प्रधान ने मिलकर लाखों का फर्जी भुगतान करने का आरोप लगाया है जब इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रसाद से जानकारी की गई तो उन्होंने कहा कि जांच हो गई जब कहां गया की जांच में दोषी है तो उसे पर क्या कार्रवाई की गई तो उन्होंने कहा कि मैं मीटिंग में हूं बाद में बात करता हूं जब मामले की जानकारी मुख्य विकास अधिकारी से लेनी चाहि तो उनका फोन स्विच ऑफ बता रहा था।

## कांग्रेसियों ने वोट चोर - गद्दी छोड़ अभियान के तहत करवाये हस्ताक्षर

**अतर्रा/बांदा।** कांग्रेसियों ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाकर सैकड़ो लोगों से जुटाया समर्थन। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से किया लोगों को जागरूक। कांग्रेस द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों से हस्ताक्षर अभियान चला कर जुटाए जा रहे समर्थन के तहत मंगलवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कस्बे के गांधी चौक के निकट हस्ताक्षर अभियान कैंप लगाकर सैकड़ो लोगों से हस्ताक्षर बनवाकर समर्थन जुटाया इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व नरैनी विधानसभा प्रभारी सूरज वाजपेई ने सीधा भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की देश महंगाई की मार झेल रहा है।

# शिवपाल सिंह ने शहर में विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एंव विधायक शिवपाल सिंह यादव ने पार्टी नेताओं के आवास पर पहुंचकर शफी अहमद बालक की पत्नी, पूर्व चेयरमैन जहीर अंसारी एंव उत्तम दुबे एड. के पुत्र के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एंव पूर्व सभासद शफी अहमद बालक की पत्नी के निधन पर उनके उर्दू मोहल्ला स्थित आवास पर आए और शोक सम्वेदना व्यक्त की। शिवपाल सिंह यादव पूर्व नगर पालिका चेयरमैन जहीर अंसारी के निधन पर उनके मेहतर टोला स्थित आवास और घटिया अज़मत अली निवासी उत्तम दुबे एड. के पुत्र के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर गए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एंव विधायक शिवपाल सिंह यादव के साथ सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिलामहासचिव वीरू भदौरिया, उदयभान सिंह यादव, फरहान शकील, अनवार हुसैन, विक्की गुप्ता, प्रधान अखिलेश वर्मा ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर इमाम मो. याकूब, हाजी हबीब मंसूरी, शावेज़ नक़वी, जैनुल आबेदीन, रिजवान कुरैशी, बंटी मंसूरी, तनवीर वारसी, अनीस चौधरी, शकील अहमद, मो. परवेज, कामरान खान, पूर्व सभासद मो. शफीक सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पति से नाराज महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में पति से विवाद के बाद एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय सूरजकली पत्नी सूरजभान के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, घर में कुछ मेहमान आए थे और सूरजकली से खाना बनाने को कहा गया था, लेकिन उसने खाना नहीं बनाया। मेहमानों के जाने के बाद पति ने इसी बात पर सूरजकली को कुछ कह दिया, जिससे वह नाराज हो गई। विवाद के बाद सूरजकली अपने कमरे में चली गई और फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने कमरे में झांक कर देखा। उन्हें सूरजकली फांसी के फंदे पर लटकी मिली। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतार कर आगे की कार्रवाई की।


# राज्यपाल करेंगी कृषि विवि के 11 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता

- 240 छात्र-छात्राओं को स्नातक, 87 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर और 15 पीएचडी शोधार्थी छात्रों को उपाधियां की जाएंगी वितरित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह गुरुवार 16 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक व कुलपति अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मृदा वैज्ञानिक डा.चेरूकुमल्ली श्रीनिवास राव शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में कृषि, उद्यान, वानिकी और सामाजिक विज्ञान महाविद्यालयों के 240 छात्र-छात्राओं को स्नातक, 87 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर और 15 पीएचडी शोधार्थी छात्रों को उपाधियां वितरित की जाएंगी। समारोह में सात छात्राओं समेत 19 विद्यार्थियों को मेडल और बीएससी ऑनर्स कृषि के अंश सक्सेना को चांसलर गोल्ड मेडल से नवाजा जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एसवीएस राजू ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां साझा करते हुए पत्रकारों को तमाम आवश्यक जानकारियां दीं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन बच्चों को राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा। वहीं राज्यपाल श्रीमती पटेल हमीरपुर जिले के एक सैकड़ा आंगनवाड़ी केंद्रों आंगनवाड़ी किट वितरित की जाएगी, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एसके सिंह, जन संपर्क अधिकारी धीरज मिश्रा मौजूद रहे।





### सिक्योरिटी कोड से लैस होंगी सिंथेटिक कागज में तैयार उपाधियां

बांदा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.एसके सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रों को दी जाने वाली उपाधियों को डिजिटल व आकर्षक बनाने के साथ ही स्थायी बनाने का प्रयास किया गया है। बताया कि इस वर्ष मिलने वाली उपाधियां सिंथेटिक कागज पर मुद्रित होंगी, जिन्हें फाड़ा या नष्ट नहीं किया जा सकता और यह पानी और तेल के प्रति पूरी तरह से प्रतिरोधी होंगी। साथ ही उपाधियों को सिक्योरिटी कोड से लैस करते हुए डिजी लॉकर में में सुरक्षित किया जाएगा। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर को राज्य स्तर के सर्वश्रेष्ठ केवीके सम्मान के साथ ही एक वैज्ञानिक को मुख्यमंत्री सम्मान व पांच शिक्षकों को राज्यस्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया है।

## यूपी ट्रेड शो में प्रतिदिन हो रही है लोककला नृत्यनाटिका, रंगारंग कार्यक्रमों की धूम



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** यूपी ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत स्वदेशी मेला का आयोजन पंडित जेएन डिग्री कालेज, बांदा में 9 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है जिसका उद्घाटन मत्स्य विभाग मंत्री डॉ. संजय निषाद जी द्वारा किया गया था। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष बबेरू सहितलाधिकारी, श्रीमती जे.रीभा, मुख्य विकास अधिकारी ,अजय कुमार पांडे तथा उपयुक्त उद्योग श्री गुरुदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त मेले का उद्देश्य स्थानीय स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देते हुए वोकल फॉर लोकल के उद्देश्य को पूर्ण करना है सरकार द्वारा स्वदेशी को बढ़ावा दिए जाने के लिए इस प्रकार के मेलों का आयोजन किया जा रहा है इस स्वदेशी मेला में विभिन्न विभागों एवं लोकल के उत्पादों के 70 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

# प्राथमिकता पर किया जाये पार्क का विकासः डीएम

## टेलीफोन, विद्युत के तारों को अंडरग्राउंड डालने के भी दिए निर्देश



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जन प्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों के अनुसार कार्य योजना बनाए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायत मटौंध में मार्ग निर्माण एवं जल निकासी हेतु नाले एवं नाली का निर्माण कार्य तथा स्ट्रीट लाइट, सड़क के निर्माण से पूर्व टेलीफोन, विद्युत के तारों को अंडरग्राउंड डालने हेतु इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य व्यापारिक क्षेत्र का विकास कार्य एवं प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण तथा पार्क एवं ओपन स्पेस का विकास किए जाने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय का कार्यकाल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प इत्यादि कार्यों के लिए 05 करोड़ 23 लाख के कार्यों को कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने इलेक्ट्रिक सिटी के कार्यों व अन्य कार्यों को गुणवत्ता के साथ कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुमार धर्मेंद्र, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मटौंध लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।





## अवैध गांजे की बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन टीम द्वारा अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि कल शाम थाना तिन्दवारी की मिशन टीम/एंटी रोमियो टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी, इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोखरही में एक व्यक्ति गुमती/डिब्बा(दुकान) में अवैध रुप से सूखा गांजा रखकर बिक्री करता है । सूचना पर तत्काल मिशन शक्ति टीम द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़कर दुकान की तलाशी ली गई तो मौके से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ । अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मनोज पुत्र मुन्ना निवासी गोखरही थाना तिन्दवारी जनपद बांदा है।

# पुलिस मुठभेड़ में हत्थे चढ़ा लूट का अभियुक्त

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना मटौंध क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाला अन्तर्राज्यीय अभियुक्त ब्रजेन्द्र उर्फ भाऊ को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया।

गौरतलब हो कि 12 अक्टूबर 25 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जोगिनी मन्दिर के पास खाईपार के रहने वाले गोबिन्द कुमार पुत्र बाला प्रसाद के साथ 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नकद रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया । इसी क्रम में आज थाना मटौंध पुलिस व एसओजी टीम थाना मटौंध क्षेत्रान्तर्गत गौरिहार रोड पर चमरहा गांव मोड पर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग में मामूर थे चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध असलहा लिए चंद्रिका देवी मंदिर हरदौनी बसहरी रोड पर खड़ा है और आज किसी घटना करने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को आत्मसमर्पण हेतु कहे जाने पर स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया घायल अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## अविवाहित युवती को लेकर पड़ोसी गांव का युवक फरार

**चकरनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की अविवाहित युवती पड़ोसी गांव के युवक के साथ चली गई। पिता की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की। चकरनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने संबंधित थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे एक युवक उसकी 20 वर्षीय बेटी को बहलाफुसला कर अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर थाना के ही गांव राजपुर निवासी रोहित पुत्र योगेंद्र सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बताया कि दो टीमें बनाई गई है, जो जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर युवती को बरामद करने का काम करेंगी। इंचार्ज थानाध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर नामजद आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# गृहक्लेश के चलते महिला ने फंदे से लटककर दी जान

**ऊसराहार, इटावा समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के धारा नगरिया गांव में रविवार रात एक विवाहिता ने गृहक्लेश से परेशान होकर फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने देखा तो घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धारा नगरिया निवासी रुची (25) पत्नी रमाकांत ने रविवार रात करीब 11 बजे अपने कमरे में फंद्दा लगाकर जान दे दी। रुची का कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। देर रात जब परिवार के सदस्य सो गए तो उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और फंद्दे से झूल गई। सोमवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने दरवाजा खोला, तो रुची फंद्दे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चार वर्ष पूर्व रुची की शादी रमाकांत से हुई थी और उसका दो वर्षीय पुत्र आरव है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में मातम छा गया है। थानाध्यक्ष बलराज सिंह भाटी ने बताया कि सूचना पर शव को फंद्दे से उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया गया है आत्महत्या के पीछे पारिवारिक बटवारे को लेकर कलह सामने आई है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# कम्युनिटी लीडर्स ने डाकघर व बैंक सेवाओं की ली जानकारी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



महिला संस्था वनांगना महिला हिंसा के साथ-साथ किशोर किशोरियों के बौद्धिक स्तर को बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है। कम्युनिटी लीडर के रूप में उन्हें तैयार किया जा रहा है। इसीक्रम में क्षेत्र के 15 गांव के लगभग 30 लीडर्स को बैंक व डाकखाने का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जहां उन्हें प्रक्रियाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई।

मंगलवार को नरैनी में अतर्रा रोड स्थित आर्यवर्त ग्रामीण बैंक में सामुदायिक लीडर्स ने बैंकिंग सेवाओं की जानकारी ली। फील्ड ऑफिसर सुजीत राजवर ने जीरो बैलेंस के खाता खोलने की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि बैंक में तीन प्रकार के अकाउंट होते हैं। बचत, समूह व स्कॉलर्स खाता। कहा कि स्कॉलर खाते में अगर 50 हजार जमा है तो केवल 10 हजार ही निकाल सकते है। युवा लीडर्स ने पासबुक, एटीएम मिलने से संबंधित सवाल पूछे। उधर, डाकखाना में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान डाक सहायक विशाल ने संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि सुकन्या योजना में बेटी की आयु 10 वर्ष होने पर माता-पिता उसके नाम से खाता खुलवा कर आरडी करा सकते हैं स 18 वर्ष होने पर जमा राशि का दोगुना भुगतान किया जाता है। सहायक ने बताया कि पहले लोग अपने दोस्तों व रिश्तेदारों को चिठ्ठियां भेजते थे, पोस्टमैन उन्हें घर-घर बांटता था।अब कोरियर होने लगा है। लीडर्स ने पहली बार डाकखाने के कार्यों को समझा। विजिट में कम्युनिटी लीडर्स आरती, बबली, अल्फिया, रीमा, महक, मंजू, राहुल, दीपक, पंकज, अरविंद, लोकेश शामिल रहे। संस्था कार्यकर्ता शोभा देवी और फरजाना ने सारी व्यवस्थाएं देखी।

# मलबे की मिट्टी ढहने से सुरक्षित निकाला गया दबा मजदूर

**बकेवर, इटावा समृद्धि न्यूज।**

सहकारी संघ बकेवर की कंडम भवन की नीवं में दबी ईंटो को निकालते समय एक मजदूर नीवं के किनारे की मलबे की मिट्टी ढहने से दब गया। आसपास के लोगों ने दौड़कर मिट्टी को हटा कर दबे मजदूर को सुरक्षित निकाल लिया। बकेवर कस्बा में स्थित सहकारी संघ का भवन जर्जर होने के चलते विभाग ने कंडम हो चुके भवन को गिराने का ठेका दिया गया था। मंगलवार की दोपहर एक मजदूर अपने अन्य मजदूरों के साथ करीब सात फुट गहरी नीव में दबी पुरानी ईंटों निकाल रहे थे। उसी समय एक स्थान पर नीव के किनारे की मिट्टी ढह गयी और उसमें काम कर रहा मजदूर मोहित दोहरे पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम नगला सिंह ग्राम पंचायत उरेंग थाना बकेवर दब गया साथ काम कर रहे उसी गाँव के मजदूर दिलीप कुमार सुशील कुमार अवधेश कुमार मलखान सिंह में चीख पुकार मच गयी चीख पुकार सुनकर तमाम लोग मौके पर आ गये और अन्य मजदूरों के साथ नींव में दबे मजदूर मोहित को हाथों से मिट्टी हटाकर कड़ी मशक्कत के बाद नीवं के बाहर निकाला मजदूर के एक खरोंच तक नही आई और वह बाल बाल बच गया। मजदूर दिलीप कुमार दोहरे ने बताया वह दो माह से सहकारी संघ के पुराने कंडम हो चुके भवन को तोडने का काम 500 रूपये प्रति दिन की दिहाड़ी पर काम करते है।

# ज्ञान स्थली एकेडमी में प्रतियोगिता आयोजित



**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ज्ञान स्थली एकेडमी (अंग्रेजी माध्यम) में दीपावली सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत विभिन्न छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी-अपनी कला-कौशल से रूबरू कराया। कस्बा के मुहल्ला शुक्लागंज स्थित ज्ञान स्थली एकेडमी (अंग्रेजी माध्यम) में कार्ड मेकिंग, दीया सजाओ, पोस्टर मेकिंग तथा रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही सोमवार को अंर्तसदनीय दीवाली का कार्ड बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें पीजी से लेकर कक्षा- 8 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही सुन्दर कार्ड बनाए। जिसमें सजावट के साथ बच्चों ने सामाजिक सन्देश भी दिये। प्राइमरी वर्ग में नित्या, शानवी, अक्षिता, आर्यन प्रथम, श्रेयांश, अर्वतिका, देवांश अन्ना ने द्वितीय तथा पियूष, अग्रिमा, आरुष, आनंदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान हिमांशी, रोजिश, अग्रिमा, वैष्णवी वर्मा, आयुष द्वितीय स्थान कोशकी, अश्मी, जायस, उत्कर्ष, नेस, राधिका तथा तृतीय स्थान पर दीपांशी, ललित, सुमोलिक, आर्या, अंशिका ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज सिंह सेंगर ने सभी मेधावियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशस्त्रि पत्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन हाउस कोऑर्डिनेटर नीतू सिंह ने किया।

# समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ हूंः राजू गुप्ता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



समाजसेवी राजू गुप्ता का मोहल्ला लालपुरा में जावेद राईन (रेडीमेड वाले) के घर पर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान राजू गुप्ता ने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ है। हर सुख दुख में कंधा से कंधा मिलाकर लोगों के साथ खड़े है। जमीअत उर राईन के युवा जिलाध्यक्ष साजिद अली राईन अशरफी ने कहा कि समाज की तरक्की आपसी सहयोग और पारस्परिक विश्वास से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर सलीम राईन (रेडीमेड वाले), इंतखाब आलम अशरफी, राशिद अली अशरफी, हाजी माबूद अंसारी, आसिफ राईन, सुभान खान, सोनू यादव लालपुरा, हाजी फरीद राईन, कामरान खान, समीर राईन, साजिद राईन, गुड्डू राईन, रिजवान राईन, हाजी तसलीम राईन, इकबाल राईन मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी की दशा सुधारने में सरकार का श्रेयः शरद बाजपेयी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



आंगनबाड़ी केंद्र अकालगंज पर आयोजित पोषाहार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने लाभार्थियों को पोषाहार वितरित किया जिसमें उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्रियों एवं बच्चों को दाल, दलिया, रिफाइंड वितरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शरद बाजपेयी ने कहा कि जब से योगी सरकार बनी है तब से आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा सुधरी है, क्यों कि योगी सरकार ने हमेशा से ही उच्च गुणवत्ता का दलिया, दाल, चावल, रिफाइंड, दूध, घी, चना आदि का वितरण कराया है। शरद बाजपेयी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के स्तर को सुधारने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का भी विशेष योगदान रहा है उनके मेहनत और लगन के साथ कार्य करने से ही आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जनता को बहुत लाभ हुआ है और सरकार की योजनाएं जनता तक आसानी से पहुंचती हैं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री डिम्पी शंखवार, सहायिका शशि प्रभा व गर्भवती महिलाएं, धात्री, बच्चों सहित सहित लाभार्थी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रा निधि बनीं एक दिन की डीएम, संभाली कमान

▸ मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद की छात्रा को मिली जिम्मेदारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत बालिकाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अभिनव पहल के तहत सरस्वती विद्या मंदिर, तिर्वा की कक्षा 11 की मेधावी छात्रा निधि राजपूत को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली निधि ने इस दौरान न केवल कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिम्मेदारियां निभाईं, बल्कि जनसुनवाई में भी फरियादियों की


समस्याएं सुनते एक दिन की डीएम निधि व मौजूद वास्तविक डीएम आशुतोष मोहन

समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश भी दिए।

एक दिन की जिलाधिकारी निधि राजपूत ने कलेक्ट्रेट स्थित कमाण्ड सेंटर (कंट्रोल रूम) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम आशीष कुमार सिंह ने कमाण्ड सेंटर की गतिविधियों की जानकारी साझा की। निधि ने शिकायत पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए लंबित प्रकरणों पर शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान निधि राजपूत द्वारा राम कुमार कठेरिया को हैसियत प्रमाण पत्र तथा हरिओम को चरित्र प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, जिला प्रोबेशन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी रहे।

**फरियादियों की सुनी समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश**

कन्नौज। जनसुनवाई के दौरान फरियादी हरीशंकर चतुर्वेदी (निवासी मिरूअन मड़हा), अमर सिंह सिताराम, सीमा पाल (निवासी रामाश्रम) और शकुंतला (निवासी छिबरामऊ) ने अपनी समस्याएं रखीं। निधि राजपूत ने सभी की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए।

**सराहना और प्रेरणा की मिसाल बनी निधि**

कन्नौज। निधि राजपूत ने इस अवसर पर अपने माता- पिता और शिक्षकों को अपनी सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक उत्कृष्ट प्रयास है।

**जिलाधिकारी ने दी शुभकामनाएं**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निधि राजपूत को बुके और उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि महिलाएं समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और आत्मनिर्भर बनें।

# समस्याओं से परेशान लोगों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास कालोनी के निवासी लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। शिकायतों के बावजूद कोई राहत न मिलने पर आवास विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने विधायक अर्चना पांडेय के आवास पर पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। चतुर्वेदी ने बताया कि कालोनीवासी पिछले चार वर्षों से सीवर सिस्टम की खराबी से त्रस्त हैं, जो जस की तस बना हुआ है। पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए आवास विकास परिषद द्वारा नगर पालिका को बजट हस्तांतरित कर दिया गया, लेकिन कार्य शुरू न होने से पार्कों में गंदगी के ढेर लगे हैं। टेलीफोन एक्सचेंज के निकट अटल द्वार निर्माण की बार-बार मांग की गई है। स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे रात्रि में असुविधा हो रही है। क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों और ओवरहेड टैंक की अनियमित सफाई के कारण घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है। विधायक अर्चना पांडेय ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महामंत्री परशुराम शाक्य, जेपी पाल, महाराम पाल, देवीदीन शाक्य, रामदास, शिवकुमार दुबे व जबर सिंह पाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिले के शिक्षकों ने रचनात्मकता का किया प्रदर्शन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बिरौलीए तालग्राम में जनपद स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री टीएलएम निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जनपद के विभिन्न राजकीय माध्यमिक विद्यालयों से आए शिक्षकों ने अपनी अनोखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिससे प्रतियोगिता बेहद रोचक रही। निर्णायक मंडल में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से प्रवक्ता शरद यादव, अनुज दुबे एवं उनके सहयोगी, जिला समन्वयक अजय कुमार, राजकीय हाइस्कूल भोजपुर निगोह के प्रधानाचार्य सुनील कुमार चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ प्रवक्ता केके झा शामिल थे। प्रतिभागियों ने उच्च गुणवत्ता वाले टीएलएम प्रस्तुत किए जो शिक्षण को और प्रभावी बनाने वाले साबित हुए। निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार इस प्रतियोगिता में प्रियंका यादव अंग्रेजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किसई जगदीशपुर शिवराम मौर्य ;हिंदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हुसेपुर करन अनुपमा भदौरिया ;विज्ञान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोजपुर निगोह, मंजू वर्मा ;गणित जूनियर वर्ग राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा योगिता वर्मा ;गणित सीनियर वर्ग राजकीय बालिका इंटर कॉलेज छिबरामऊ, सस्मित द्विवेदी ;रसायन विज्ञानद्ध पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा, संदीप कुमार शर्मा ;जीव विज्ञान पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा, राजकुमार ;सामाजिक विज्ञान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वैसावरी, कन्नौज को विजेता घोषित किया गया।

# पदमश्री रोनू मजूमदार की बांसुरी ने बांधे बच्चों के मन

▸ सुप्रभाष अकादमी एवं जेएएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सुप्रभाष अकादमी एवं जेएएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्पिक मैके के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पदमश्री पंडित रोनू मजूमदार ने बांसुरी की सरगम से बच्चों को अवगत कराया।

पंडित जी ने बच्चों से रूबरू होकर बांसुरी की उत्पत्ति, सरगम की ध्वनियों तथा उसके निर्माण के बारे में विस्तार से बताया। उनके सहयोगी बांसुरी वादक कल्पेश सचला ने विभिन्न प्रकार की बांसुरियों, उनसे निकलने वाली स्वरों और निर्माण प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी साझा की। टीम के तबला वादक अजीत पाठक उर्फ चाचा चौधरी की जुगलबंदी ने उपस्थित बच्चों व दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की चेयरपर्सन विभा रानी सक्सेना, प्रिंसिपल अलका गुप्ता एवं पंडित रोनू मजूमदार द्वारा सरस्वती पूजन से हुई।



जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उन्होंने भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां साहब की बनारसी कजरी बजाकर वाहवाही लूटी। साथ ही राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की बांसुरी धुन से सभी को भावुक किया। पंडित रोनू मजूमदार बेला फ्लेक के साथ एल्बम तबूला रस के लिए ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकित हो चुके हैं। उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों में बांसुरी वादन किया है। भारत रत्न पंडित रविशंकर के सान्निध्य में बांसुरी सीखी तथा उस्ताद जाकिर हुसैन के साथ राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच साझा किए। उन्होंने शास्त्रीय गीत पंख लगे तो उड़ आती रे और आरडी बर्मन की याद आ रही है तेरी याद आ रही है पर बांसुरी बजाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र कुमार मिश्रा, प्रबंधक हिमांशु सक्सेना एवं चेयरपर्सन विभा रानी सक्सेना ने कलाकारों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अंत में पंडित रोनू ने पद्म विभूषण स्वर्गीय पंडित छन्नूलाल मिश्रा की स्मृति में उनकी बनारसी कजरी बांसुरी पर बजाई। सभी ने मोमबत्ती जलाकर एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का फूटा गुस्सा हस्ताक्षर अभियान शुरू

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** टेट (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। विकास खंड उमर्दा के ब्लॉक संसाधन केंद्र में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध - अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) की कन्नौज इकाई की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुशील कुमार यादव ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव ने किया। बैठक में शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए टीईटी अनिवार्यता के आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए इसका जोरदार विरोध किया। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर व्यापक स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया और निर्णय लिया कि अब इस मुद्दे को लेकर स्कूल से लेकर संसद तक आंदोलन छेड़ा जाएगा। जिला अध्यक्ष सुशील कुमार यादव ने कहा कि दशकों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता थोपना न सिर्फ अन्यायपूर्ण है, बल्कि उनके भविष्य पर भी सवाल खड़ा करता है।

# अ.भा.जनआंदोलन फ्रंट के प्रदेश महासचिव का भव्य स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पुराने सौरिख बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट के नव नियुक्त प्रदेश महासचिव वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार दुबे का माल्यार्पण के साथ जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष की संतुति पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने विनोद दुबे को यह महत्वपूर्ण पद सौंपा है। जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन एडवोकेट ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान कर बधाई दी और कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपकी अनुभवी नेतृत्व क्षमता से कांग्रेस को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। आप नगर के पूर्व अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष तथा विचार मंच के जिलाध्यक्ष के रूप में अपनी सक्रियता सिद्ध कर चुके हैं।

कार्यक्रम में विनोद दुबे ने भावुक संबोधन दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस मेरे लिए मात्र एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का पवित्र मंदिर है। मैंने हमेशा इसकी मजबूती के लिए कसम खाई है। आज मिली यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान है।



तन-मन-धन से समर्पित होकर मैं पार्टी को जन-जन तक पहुंचाने, सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने और युवाओं को प्रेरित करने का संकल्प लेता हूं। आइए, हम सब मिलकर कांग्रेस को फिर से सशक्त बनाएं, ताकि कन्नौज की धरती पर विकास की नई इबारत लिखी जा सके। उनका भाषण उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार कर गया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव (अल्पसंख्यक) संजय पौल, जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे पप्पू, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, देवकीनंदन दुबे, राजू खान, मेहराज वारसी, आशाराम यादव, बीएस यादव, भारत सिंह प्रजापति, भारत सिंह वर्मा, सुरेश तोमर, रमेश तोमर, महेद चन्द्र दीक्षित, प्रदीप कुमार दुबे, अनिकेत गुप्ता, मुकेश दुबे, श्याम सिंह, सुरजीत सिंह नायक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने स्थानीय स्तर पर कांग्रेस की एकजुटता को प्रस्तुत किया।

**शर्मा स्टील उद्योग में हर तरह के मॉडर्न फर्नीचर**

छिबरामऊ, कन्नौज। अगर आप अपने घर को आधुनिक और आरामदायक बनाना चाहते हैं, तो सौरिख तिराहे के आगे मोहल्ला इंद्रानगर गली के पास रोड पर स्थित शर्मा स्टील उद्योग का शोरूम एकदम सही जगह है। यहां एक ही छत के नीचे हर तरह के टिकाऊ और स्टाइलिश फर्नीचर उपलब्ध हैं, जो आपके बजट में फिट बैठेंगे। शोरूम संचालक जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि फर्नीचर की विस्तृत रेंज में आधुनिक बेड, मुलायम गद्दे, आरामदायक तकिए, लग्जरी सोफा सेट, एलिगेंट डाइनिंग टेबल, सेंटर टेबल, स्पेशियस अलमारी और अलमीरा शामिल हैं। इसके अलावा, व्हीलचेयर जैसी उपयोगी चीजें, नीलकमल की मजबूत प्लास्टिक कुर्सियां, बच्चों के मजेदार सेट और इलेक्ट्रिक आइटम्स में विभिन्न प्रकार के कूलर भी उचित दामों पर मिल रहे हैं। ये सभी प्रोडक्ट्स उच्च गुणवत्ता वाले हैं, जो लंबे समय तक साथ देंगे।
घर सजाने का शौक है? तो आज ही शर्मा स्टील उद्योग का दौरा करें और अपने सपनों का घर सजाएं।

# टीएलएम प्रतियोगिता में राजकीय शिक्षकों ने दिखाया नवाचा

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) प्रतियोगिता का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, बिरौली (तालग्राम) में कराया गया। कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर के राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों ने नवाचारी टीएलएम प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में डीआईईटी छिबरामऊ के प्रवक्ता श्री शरद यादव, श्री अनुज दुबे, जिला समन्वयक श्री अजय कुमार, प्रधानाचार्य सुनील कुमार चतुर्वेदी व वरिष्ठ प्रवक्ता के.के. झा मौजूद रहे। निर्णायकों के मूल्यांकन के आधार पर आठ विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को विजेता घोषित किया गया।विजेता



शिक्षक जिसमें प्रियंका यादव (अंग्रेजी) रा.उ.मा.वि. किसई जगदीशपुर शिवराम मौर्य (हिन्दी) रा.उ.मा.वि. हुसेपुर करन, अनुपमा भदौरिया (विज्ञान) रा.उ.मा.वि. भोजपुर निगोह, मंजू वर्मा (गणित, जूनियर वर्ग) राजकीय इंटर कॉलेज, उमर्दा योगिता वर्मा (गणित, सीनियर वर्ग), रा. बालिका इंटर कॉलेज, छिबरामऊ सस्मित द्विवेदी (रसायन विज्ञान) पं. दी. द. उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा, संदीप कुमार शर्मा (जीव विज्ञान) पं. दी. द. उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा, राजकुमार (सामाजिक विज्ञान) रा.उ.मा.वि. वैसावरी विजेता रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों की रचनात्मकता व शिक्षण विधियों में नवाचार की झलक देखने को मिली। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और विजेताओं को आगामी स्तर की प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दीं।

# नकली खाद की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 102 बोरी बरामद

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कृषि अधिकारी की सक्रियता से एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना में नकली खाद बनाने की अवैध खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़ होते ही किसानों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्मा गया तो वहीं नकली खाद के अवैध कारोबार से जुड़े सात लोगों के विरुद्ध एट थाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बरामद नकली खाद को जब्त कर लिया गया।

गौरतलब हो कि जनपद के किसानों को खाद सुगमता से मिल सके इसके लिये जिलाधिकारी ने सतत निगरानी व्यवस्था को सक्रिय कर दिया था और किसी भी कीमत पर नकली खाद किसानों तक न पहुंचने पाये इसके लिये भी दिशा निर्देश जारी किये गये थे। इसके बाद मंगलवार



को कृषि अधिकारी पुनः उसी स्थान पर पहुंचे जहां पर उन्होंने नकली खाद को बरामद किया था तो वहां का ताला खोलकर नकली खाद की बोरियों की गिनती करायी गयी जिसमें 102 बोरी नकली खाद बरामद की गयी जबकि 58 बोरी खाली, कच्चा माल, 6 नई खाली बोरी, 288 खाली बोरियां, सिलाई मशीन, जेनरेटर आदि बरामद किया। इसके बाद उन्होंने एट थाना पहुंचकर नकली खाद कारोबार से जुड़े हरिपाल पुत्र स्व. बाबूराम, विधाता यादव, दाता यादव पुत्रगण स्व. रामपाल सिंह, इंदल सिंह, जालिम सिंह पुत्रगण जमुनादास निवासीगण ग्राम पिरौना जनपद जालौन, छोटू उर्फ शुभ रिछारिया निवासी ग्राम सेसा थाना पूंछ जनपद झांसी, कृष्ण कुमार यादव निवासी ग्राम ढेरी के विरुद्ध जिलाधिकारी के अनुमोदन उपरांत उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 (10) की धारा 3/7 में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

## चेक बाउंसिंग मामले में आरोपी दोषी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** चेक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाते हुए परिवादी को चेक की धनराशि का दोगुना जुर्माना लगाया। अधिवक्ता दिनेश कुमार भास्कर ने बताया कि मोहल्ला चिमनदुबे निवासी उनके परिवादी सजीव कुमार को फ्रीडम इंडिया इंफ्राबेंचर लिमिटेड के डायरेक्टर हफीज किश्तों पर प्लॉट देने का वादा किया था। जिसका छह लाख रुपया संजीव कुमार ने किश्तों में जमा कर दिया। भुगतान होने के बाद हफीज ने प्लॉट देने से मना कर दिया और कंपनी की दो चौक परिवादी को दीं। बैंक से चौक का भुगतान न होने पर वादी ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। लगभग चार साल तक चली सुनवाई और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट जालौन जावेद खान ने गुण दोष के आधार पर हफीज व फ्रीडम इंडिया इंफ्रावेंचर लिमिटेड को परिवादी को चेक धनराशि का दोगुना 12 लाख रुपये जुर्माना लगाया साथ ही हफीज को तीन माह के कारावास से दंडित किया है।

# 72 घंटे में जनपद की सड़कों को करायें गड्ढा मुक्तः डीएम

▸ सड़क सुरक्षा के मद्देनजर रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर होगी कार्रवाई

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने एनएच-27 मार्ग पर कालपी से आटा तक बने गड्ढों को तीन दिनों के भीतर ठीक करने के निर्देश दिए। साथ ही, ब्लाइंड स्पॉट क्षेत्रों में साईनेज केटआई, रंबल स्ट्रिप, थर्मोप्लास्टिक मार्किंग, ब्लींकर लाइट आदि लगाने पर बल दिया, ताकि




संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने एसडीएम व एआरटीओ को निर्देशित किया कि रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीड, ड्रिंक एंड ड्राइविंग, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट, तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने सीएमओ, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। समाजसेवियों के सहयोग से छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। साथ ही, स्कूल बसों की नियमित फिटनेस जांच, चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण, कैमरे की स्थापना एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राठ, कालपी, मदारीपुर मार्ग पर बने गड्ढों को तुरंत ठीक कराने और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों के दोनों ओर उगी झाड़ियों की छटाई, अतिक्रमण हटाने, तथा दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखने जैसी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जाए। साथ ही चौराहों पर रेहड़ी-पटरी वाले अपने सामान पीछे रखें, यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, अधिशासी अभियंता सीडी प्रथम सुनील कुमार, एआरटीओ राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लंबे समय बाद जर्जर पिण्डारी मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

एक लंबे इंतजार के बाद हाटा से महंत नगर मोड़ तक अति जीर्ण शीर्ण सड़क का निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो ही गया जिसके निर्माण कार्य में समाचार पत्रों ने अपनी अहम भूमिका निभाई तब कहीं जाकर डी एम के निर्देश पर प्रशासन हरकत में आया। कोंच पिण्डारी मार्ग महंत नगर के नजदीक अति गम्भीर अवस्था में हो गया था जिसके चलते आये दिन बालू के डम्फर फंसकर रास्ता जाम कर देते थे इसके कारण स्कूली बच्चे कर्मचारी व राहगीर इस जाम में फस जाते थे और घण्टों इंतजार के बाद वह अपने गन्तव्य पर पहुंच पाते थे जिसका समाचार प्रकाशन लगातार समाचार पत्रों द्वारा किया गया तब कहीं जाकर प्रशासन ने इसका संज्ञान लिया और जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने लोक निर्माण बिभाग टीम।को निर्देशित किया जिसमें अनुपालन में दिन मंगलवार को इस खराब पड़े मार्च के निर्माण कार्य शुरू हो गया वहीं स्थानीय राहगीरों ने मीडिया का आभार जताते हुए कहा कि सड़क निर्माण से जाम की झाम से मुक्ति मिलेगी और आवागमन आसान होगा वहीं नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि अब यह मार्ग जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा।

# मिट्टी के दीयों से जगमगाएगी दीपावली

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर में आगामी दीपावली पर्व नजदीक आते ही बाजारों की रौनक बढ़ गई है लोग घरों और दुकानों की साफ-सफाई में जुट गए हैं वहीं बाजारों में सजावटी सामानों की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ने लगी है इसी बीच नगर के कुंभकारों के चाक भी रफ्तार पकड़ चुके हैं मिट्टी के दीपक बनाने का काम दिन-रात जारी है क्योंकि यही समय उनके सालभर की मेहनत का प्रतिफल देने वाला होता है।

मीडिया से बातचीत करते हुये कुंभकारों ने बताया है कि पिछले कुछ वर्षो से लोगों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति रुझान बढ़ा है। चाइनीज सजावटी वस्तुओं के विरोध के बाद मिट्टी के दीपक और बर्तनों की मांग में वृद्धि हुई है मुहल्ला गांधी नगर में कुंभकार परिवार के सभी सदस्य दीपक तैयार करने में जुटे है। कोई मिट्टी गूंथ रहा है कोई चाक पर दीपक गढ़ रहा है तो महिलाएं आवा (भट्ठी) में दीपक पकाने का कार्य कर रही हैं। कुंभकार राजेश प्रजापति शंकर प्रजापति विनय शिवकुमार हरिश्चंद्र परमसुख घनश्याम और शारदा बताते हैं कि यह पुश्तैनी धंधा अब दीपावली जैसे त्यौहारों



पर ही जीवित है पिछले वर्ष उन्होंने करीब 30 से 40 हजार दीपक बेचे थे जबकि इस बार उम्मीद है कि 50 हजार से अधिक दीपक बिक जाएंगे हालांकि बढ़ती महंगाई के कारण मिट्टी लकड़ी और रंगों की लागत में काफी इजाफा हुआ है, जबकि दीपक के दाम लगभग पुराने ही हैं। फिर भी कुंभकारों के चेहरे पर इस बार उम्मीद की चमक है उनका कहना है कि यदि लोग ÷मिट्टी के दीपक से दीपावली÷ मनाने का संकल्प लें नतो न केवल परंपरा जीवित रहेगी बल्कि उनके घरों की भी रोशनी कभी मंद नहीं पड़ेगी।

## सहकारी समितियों का निरीक्षण कर खाद उपलब्धता देख, किसानों से किया संवाद

**जालौन (उरई)।** एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने तहसील क्षेत्र के ग्राम हथना बुजुर्ग स्थित गढ़गवां सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति परिसर में खाद भंडारण, उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा किया और किसानों से भी संवाद किया। एसडीएम ने मौके पर किसानों से संवाद कर यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें समय पर और उचित दरों पर खाद उपलब्ध हो रही है या नहीं। किसानों ने बताया कि समिति केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद मौजूद है और वितरण भी सुचारू रूप से किया जा रहा है। इस पर एसडीएम ने संतोष व्यक्त किया, साथ ही समिति सचिव को निर्देश दिए कि किसानों को कतारबद्ध तरीके से खाद दी जाए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या अफरा-तफरी की स्थिति न उत्पन्न हो।

# पांच साल पूर्व मंडी में दस लाख से निर्मित सामुदायिक शौचालय शोपीस

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

गल्ला मण्डी कालपी में किसानों को शौचालय की सुबिधा उपलब्ध कराने की कवायद बेकार गयी। वह शुरू होने से पहले ही बेकार हो गया है जिससे मण्डी आने वाली महिला किसानों को असुबिधा का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि वर्ष 2020 में नगर पालिका परिषद ने लगभग 10 लाख की लागत से सुलभ शौचालय का निर्माण कराया था लेकिन वह शुरू ही नहीं हो सका और धीरे धीरे वह बेकार हो गया है। मण्डी सहायक मनोज कुमार के अनुसार आलम यह है कि शौचालय मे पानी की टंकी भी नही है जिससे कोई उसे उपयोग भी नहीं कर पा रहा है जबकि मण्डी परिसर मे प्रतिदिन महिला किसान भी आती है पर शौचालय न होने की वजह से उन्हें शर्मिन्दगी का सामना करना पडता है मण्डी सचिव सतीश कुमार के अनुसार वह शौचालय को चालू कराने के लिए नगर पालिका परिषद को दो पत्र भी भेज चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नही हो सका है जबकि मण्डी समिति द्वारा प्रतिवर्ष पालिका परिषद को 24 हजार रुपये ग्रहकर के रूप दिए जाते हैं पर सुबिधाओं के नाम पर सार्वजनिक शौचालय तो बना है पर वह शुरू भी नहीं हो सका है।

# लोहिया में 50 शैय्या क्रिटिकल यूनिट में कार्य पूर्ण न होने पर डीएम नाराज

**शासन को लिखने के दिये निर्देश, पर्यटन विभाग के कार्यों की गुणवत्ता खराब**



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 01 करोड़ से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 77 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई।

डीएम ने यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 कानपुर द्वारा लोहिया अस्पताल में 50 शैय्या क्रिटिकल यूनिट में कार्य समय से पूर्ण न करने पर नाराजगी जताई व उनके खिलाफ शासन को लिखने के लिये निर्देशित किया। पर्यटन विभाग के कार्यो की गुणवत्ता खराब होने पर नाराजगी जताई और पर्यटन निगम के खिलाफशासन को पत्र लिखने के निर्देश दिये। यूपीसीएलडीएफ द्वारा निर्मित किये जा रहे गौ संरक्षण केंद्र पचरौली व अन्य किये जा रहे कार्यो की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जताई। यूपीआरएनएसएस लि. को कार्य कारगर में चल रहे कार्यो को जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिये। डीएम पूर्ण हो चुके कार्यो को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। डीएम ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये। सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग आयी 26



बैठक लेते डीएम

**डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यो की जुलाई माह की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमे जनपद की रैंकिंग 26 रैंक आई है। बैठक में 29 विभागों की 65 योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में सबसे खराब डी.श्रेणी में विद्युत विभाग की दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण में रैंक 70, ग्राम्य विकास विभाग से संबंधित डे एन.आर.एल.एम. आर.एफ. सी.आई.एफ. कार्यक्रम रैंक 42, प्राथमिक शिक्षा का मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में 65 रैंक प्राप्त की है। उद्योग विभाग ओडीओपी वित्त पोषण योजना में 65 रैंक आई, नियोजन विभाग की फैमली आईडी में 24 रैंक आई, पंचायतीराज विभाग की 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत में रैंक 42, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 में 45 रैंक आई, जलजीवन मिशन में 58 रैंक व सी श्रेणी आई, कृषि विभाग की पीएम किसान सम्मान निधि में 30 रैंक आई, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की सड़क निर्माण में 39 रैंक आई। चिकित्सा विभाग की टैली रेडियोलॉजी में 50 रैंक आई। पर्यटन विभाग की पर्यटन राज्य योजना में 66 रैंक, आईएपी.डब्ल्यू.डी. की नई सड़कों के निर्माण में 36 रैंक आई। डीएम ने उक्त विभागों के अधिकारियों से नाराजगी जताई व अगले माह रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विभागों की वसूली कम होने पर डीएम ने बढ़ाने के दिये निर्देश


बैठक में मौजूद डीएम व अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई। स्टाम्प एवं निबंधन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। आबकारी विभाग की वसूली कम पाई गई। परिवहन विभाग का बसूली कम पाई। खनन विभाग की बसूली कम पाई गई। डीएम ने खनन अधिकारी को प्रवर्तन कार्य मे सख्ती बरतने व तेजी लाने के निर्देश दिए। मंडी फर्रुखाबाद की बसूली कम पाई गई। विद्युत विभाग की बसूली ठीक पाई गई। नगर पंचायत कंपिल, नगर पालिका कायमगंज व फर्रुखाबाद की बसूली लक्ष्य से कम पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, स्टाम्प व निबंध, मंडी विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये। जिन विभागों की वसूली कम है वह बढ़ाये, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमे सुधार लायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


एससी/एसटी आयोग के सदस्य के साथ डीएम व अन्य

## एससी-एसटी आयोग के सदस्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के सदस्य मिठाई लाल से निरीक्षण भवन जाकर जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी एवं निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने मुलाकात की। साथ ही पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सरकार द्वारा एससी/एसटी के व्यक्तियों और श्रमिकों, मजदूरों के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन, राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना, एवं आदर्श ग्राम आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। आश्रम पद्धति विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई रखने का मिठाई लाल निषाद ने निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने पदाधिकारियों व डीएम के साथ गुलदस्ता देकर मिठाई लाल का स्वागत किया। इस मौके पर मुनेश कश्यप, अमरनाथ कश्यप, सुरेश कश्यप, जंगाली लाल बाथम, अंकुश कश्यप, अभिषेक बाथम, अजीत बाथम, दुर्गेश कश्यप, राजवीर कश्यप, सोहनलाल, देशराज कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# सण्डे बाजार बंद न करने की व्यापारियों ने डीएम से की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन में मांग की गई कि नगर में नेहरु रोड पर वर्षो से संडे बाजार लगता चला आ रहा है। वर्षो से लग रहे सण्डे बाजरा से रेडी, फेरी वाले छोटे व्यापारियों का पालन पोषण हो रहा है। इस संडे बाजार से खरीदे जा रहे कपड़ों से मिडिल क्लास परिवारों का तन भी ढकता है व सन्डे बाजरा में ज्यादा तर मिडिल क्लास सर्दियों में गरम कपड़ों को खरीदते है।

ऐसे में छोटे लोग बड़ी दुकानों व शोरुम से कपड़े खरीदने में असमर्थ है। सण्डे बाजार से ही लोग कपड़े खरीदकर काम चलाते है। पुलिस प्रशासन द्वारा सण्डे बाजार नहीं लगने दिया गया। ऐसे में छोटे व्यापारी परेशान है। छोटे व्यापारियों का काफी नुकसान हो रहा है। दीपावली पर व्यापारी माल लेकर आये है। अगर उनकी बिक्री नहीं हुई तो वह भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेंगे।

युवा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला के नेतृत्व में सण्डे बाजार के व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। सण्डे बाजार लगने से रोका गया तो व्यापार मण्डल विवश होकर आंदोलन करेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस मौके पर अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सचिन अग्रवाल, रामु कश्यप, केशव पांडेय, आमिर खान, दीपू, लालू सिंह, विष्णु बाजपेई, फिरोज खान, मोहन अग्रवाल, नईम, सिराज, सरिक, सोहन शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय स्वदेशी मेले में कृषि आधारित उत्पादों पर गोष्ठी सम्पन्न



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**हरिशचन्द्र नाटक का कलाकरों ने किया मंचन**

जनपद स्तरीय ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला के छठे दिन क्रिश्चियन इंटर कॉलेज ग्राउड में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के जनमानस, किसानों, छात्रों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी तथा लोगों ने स्वदेशी मेले में बढ़-चढ़ कर खरीदारी की। कृषि अधारित उत्पादों पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कृषि अधिकारी एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी विभिन्न ब्लाकों से आये किसानों एवं जनमानस को दी। कार्यक्रम में लगभग 1150 लोगों ने प्रतिभाग किया तथा भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के प्रसिद्ध कलाकार सुरेन्द्र पाण्डेय ने हरिशचन्द्र नाटक का मंचन किया। प्रस्तुत संस्कृति कार्यक्रम का उपस्थित समस्त किसानों, छात्रों एवं ग्रामीणों ने जमकर आनन्द उठाया तथा सांस्कृतिक विरासत की परिकल्पना मंच के माध्मय से दर्शाया गया। साथ ही उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 15अक्टूबर को स्वदेशी मेले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजत्ता (भारत सरकार) पर विशेष संगोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। भारत सरकार के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया एवं जनपद के मशहूर जादूगर केएस गोगा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

## रोजगार मेला आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन होगा। मेले में 300 रिक्तियों के सापेक्ष साक्षात्कार होगा। रोजगार मेले में 6 कम्पनियां भाग ले रही है। 50 महिलायें भी प्रतिभाग कर रही है। इच्छुक अभ्यार्थी अपने शैक्षिक दस्तावेज के साथ बुधवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय परिसर पहुंचकर रोजगार अवसर का लाभ उठाये। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## मण्डलीय एथलेक्टिस प्रतियोगिता 17 अक्टूबर से शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मण्डलीय एथलेक्टिस प्रतियोगिता का आयोजन 17, 18, 19 अक्टूबर को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अवगत कराया है कि वह प्रतियोगिता में छात्रों को समय से प्रतिभाग कराये। जिसमें व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार पाल, केशव कुमार गंगवार, राहुल कुमार यादव, अभिषेक अवस्थी, तुषार चौधरी, सतेन्द्र सिंह, रजनीश शिवा आदि पीटीआई प्रतियोगिता सम्पन्न करायेंगे।

# इग्नू में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


डॉ. अनिल कुमार मिश्र

डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ में संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र में स्नातक, स्नातक ऑनर्स, परास्नातक, डिप्लोमा, परास्नातक डिप्लोमा आदि कोर्स में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निर्देशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि इग्नू आज कौशल आधारित उच्च गुणवत्तायुक्त पाठ्य पुस्तक सामग्री उपलब्ध कराकर एक ऐसे विश्वविद्यालय की कतार में खड़ा है जो आधुनिक तकनीक का अधिकतम प्रयोग करते हुये ज्ञान विज्ञान के साथ प्रबन्धन के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। इग्नू की उपनिदेशक डॉ. रीना कुमारी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों के इग्नू म्हें (सेमे कोर्स को छोड़कर) प्रवेश लेना चाहते है। वह इग्नू की वेबसाइट पर अपना यूजर आई डी पासवर्ड जनरेट करते हुए डिटेल को फिल कर कोर्स सिलेक्ट करें।

## शादी का झांसा देकर बनाये शारीरिक संबंध, बाद में शादी से किया इन्कार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज के थाना गंजडुडवारा केअंतर्गत ग्राम चिरौला निवासी एक युवती ने थाना कमालगंज में तहरीर देते हुए बताया उसकी रिश्तेदारी नगला दाऊद थाना कमालगंज में है। जिस कारण वह आती जाती रहती है। 2 वर्ष पूर्व बाबर उर्फ छोटू पुत्र शराफत निवासी ग्राम नगला दाऊद थाना कमालगंज जिला फर्रुखाबाद से मेरा प्रेम प्रसंग हो गया। बाबर उर्फ छोटू ने शादी का झांसा देकर दिनांक 04.08.2025 मुझे फोन करके मिलने के लिए कमालगंज बुलाया। वहां शेखपुर गुमटी के पास बंद पड़ी जिम में ले गया और मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसके बाद दोबारा 08.08.2025 को उसी जगह पर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए। उसके बाद 07.10.2025 को तीसरी बार शारीरिक संबंध बनाए और उसी दिन कोर्ट मैरिज करने के लिए मुझे फोन पर पर 20000 रुपये अपने फोन पर डलवाये। अब वह मुझसे शादी करने के लिए मना कर रहा है और दोबारा फोन करने एवं ना मिलने की धमकी दे रहा है।


स्वदेशी उत्पाद खरीदते भाजपा नेता

## भाजपा नेताओं ने स्वदेशी मेले में खरीदीं वस्तुएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्रिश्चियन इंटर कॉलेज ग्राउंड में लगे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वदेशी मेला में जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि, कुलदीप गंगवार, भास्कर दत्त द्विवेदी, डीएस राठौर, अभिषेक त्रिवेदी ने खरीददारी की। यह मेला हमारे देश की स्वदेशी कला, हुनर और उद्यमिता का सशक्त प्रतीक है। आज सत्यवादी महाराज हरिश्चन्द्र का नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर कृष्ण मुरारी राजपूत, अभिषेक बाथम, जितेन्द्र सिंह, अमित ठाकुर, अभिषेक वाजपेई, नीरज अवस्थी, राजकुमार वर्मा, रमिला राठौर, विजय गुप्ता आदि पदाधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानीय उत्पादों को खरीदा।

# छात्राओं को आत्मरक्षा की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद पुलिस कर्मी व प्रधानाचार्या

फर्रुखाबाद सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति (पाँचवाँ चरण) के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा छात्राओं को महिला उत्पीड़न से बचाव एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। जैसे-1090, 1098, 181, 1076, 101, 112, 102, 108, 1930, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे इन नंबरों का प्रयोग कर सकें। इस अवसर पर प्रधानाचार्या एस्तर रोज़ दयाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी छात्रा को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़े, तो वह इसकी जानकारी अपने माता-पिता एवं विद्यालय प्रशासन को अवश्य दे।

विद्यालय की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। प्रधानाचार्या एस्तर रोज दयाल ने बताया कि मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं को स्वरक्षा, कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों एवं आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है। राधा देवी के नेतृत्व में मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित सभी कायक्रमों को 26 सितंबर से 09 अक्टूबर तक बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न किया गया। इस अवधि में छात्राओं ने अपनी सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बीती रात छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोकुलपुर निवासी 22 वर्षीय गोलू पुत्र रतिभान ने बीती रात लगभग 10 बजे घर के निकट आम के पेड़ पर धोती से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अपने पिता का एकलौता पुत्र था। उसकी गुरसहायगंज निवासी मामा की बेटी के साथ जनवरी में शादी थी। सूचना पर थानाध्यक्ष मोनू शाक्य मौके पर पहुंची और जाँच पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रधान राजकुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह, भाजपा के सुमित कुशवाहा, युवजन सभा के विधानसभा अध्यक्ष आदि लोग रहे। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि गोलू मानसिक तनाव से गुजर रहा था, इसी के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की।

# डॉ. लोहिया के समर्थक मो. शमीम खान को सपाइयों ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


डॉ. शमीम को पुस्तकें भेंट करते सपाई

समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की कर्मभूमि रहा है। जनपद के जिन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया के लोकसभा चुनाव 1963 व 1967 में उनका समर्थन व सहयोग किया था। समाजवादी पार्टी के स0प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने बताया कि डॉ. लोहिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सपा जिला महासचिव इलियास मंसूरी डॉ. लोहिया के चुनाव में उनके पोलिंग एजेंट और समर्थक रहे मोहम्मद शमीम खान के कोठा पार्चा स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे भेंट वार्ता कर उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। साहित्यकार यश भारती डॉ. रामकृष्ण राजपूत, मुजाहिद अंसारी, कमल हसन, मो0 अकलीम खां ने मोहम्मद शमीम खान के आवास पर पहुंचकर उनसे भेंट वार्ता की व माल्यार्पण के साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने उन्हें अपनी स्वलिखित पुस्तकें भेंट की। जिनमें मो. शमीम खान का लेख प्रकाशित हुआ है। मो. शमीम खान ने डॉ. लोहिया सहित उस समय के समाजवादी नेता राज नारायण सिंह, कमांडर अर्जुन सिंह भदोरिया, कर्पूरी ठाकुर, जनेश्वर मिश्र, मनीराम बांगड़ी, मुलायम सिंह यादव, आचार्य कृपलानी सहित तमाम समाजवादी आंदोलन के पुरोधाओं की स्मृतियों का स्मरण किया। उन्होंने भविष्य में समाजवादी आंदोलन को धार देने एवं मजबूती देने के मंत्र भी दिए, साथ ही अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बेहतर नेता बताया और उन्होंने कहा कि पीडीए आंदोलन बहुत ही निर्णायक साबित होगा।

# बीवीडीसी में एआई व साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर व अन्य

छत्रपति शाहू जी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानए कानपुर, कलाम एसपीएस रिसर्च सेंटर द्वारा बद्री विशाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी डायरेक्टर महाविद्यालय विकास परिषद कानपुर यूनिवर्सिटी रहे।

कार्यशाला की अध्यक्षता प्रबंधक विनोद दुबे ने की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत प्राचार्या डॉ0 रश्मि प्रियदर्शिनी ने किया। प्राचार्या ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी और आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस को वर्तमान समय की जरूरत बताया। प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी ने में तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम और चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार से चर्चा की। गुंजा कपूर ने पावर पॉइंट के माध्यम से स्नातक स्तर पर आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस पाठ्यक्रम की संरचना के विषय में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि आज के युग में और भविष्य में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस की प्रासंगिकता क्या है। अमन राज ने साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम को पावर पॉइंट के माध्यम से उसके विभिन्न मॉड्यूल के विषय में सभी को अवगत कराया। अनिल कुमार त्रिपाठी ने रोजगार परक शिक्षा, इनोवेशन सेल ने कुलपति द्वारा अपेक्षित नवाचार प्रकोष्ठ की उपयोगिता और छात्रों को नवाचार के माध्यम से रोजगार पाने के लिए अपने विचार साझा किए। संचालन डॉ0 शशिकांत त्रिपाठी और डॉ. शाहिद मालिक ने किया।

# सविता ने मुख्यमंत्री के हाथों से सम्मान हासिल कर महराजगंज का नाम किया रोशन

## किसान की बेटी साबिता में यह हुनर बचपन से झलक रहा था

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** प्रतिभा किसी की मुहताज नहीं होती आज इस सपने को पूरा कर सबिता चौरसिया ने मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान हासिल कर जनपद महराजगंज का नाम रोशन किया है। किसान की बेटी सबिता आज़ जिस मुकाम पर पहुंची है यह हुनर बचपन से उसके अंदर झलक रहा था। सबिता चौरसिया जनपद महराजगंज के विकास खंड फरेंदा अन्तर्गत ग्राम सभा सेखुई की मूल निवासी है। विद्या भारतीय अन्तर्गत अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज झांसी में किया गया था। जिसमें सविता चौरसिया अपने ग्रुप में किशोर वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर महराजगंज का परचम झांसी में लहराया है। उक्त बालिका में यह गुण शुरू से ही विकसित रहा है। सबिता कम्पोजिट विद्यालय सेखुई से शिक्षा प्रारम्भ की आज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज आनन्दनगर में अध्यन रत हैं।अनिल कुमार चौबे प्रान्त प्रमुख के द्विशा निर्देशन में प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कार प्रदान की है। इसकी सफलता पर ग्राम प्रधान महेन्द्र पूर्व प्रधानाचार्य सभापति चौबे , रामऊजागिर चौवे अभयचौवें, राहुल चौवे, कौशल चौवे, केशव, चीने शमशेर अली, तुफेल, हरिहर प्रसाद, लक्ष्मण यादव, रामचरन वरखू राजू चौबे शीलदासे सहित समस्त ग्राम वासियों ने बधाई दी है। लोगों ने बताया कि जनपद महराजगंज के ग्राम सभा सेखुई का परचम लहराने की आश संजोए उक्त बालिका अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बैंगलूरू (कर्नाटक) प्रस्तान करेगी।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बीएसए रिद्धि पांडेय की मधुर प्रस्तुति ने जीता दिल

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय ने जब कार्यक्रम में गाया दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा, चांद तारों को छूने की आशाज तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़हट से गूंज उठा। बच्चों की ऊर्जा, शिक्षकों की मुस्कान और अभिभावकों की उत्सुकता के बीच यह सुरमयी आगाज़ प्रतियोगिता को एक यादगार शुरुआत दे गया। प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय स्टेडियम परिसर में किया गया, जिसमें जिलेभर के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेलों में दौड़, लंबी कूद, रस्साकशी, कबड्डी, खो-खो और क्रिकेट जैसे पारंपरिक खेलों के साथ-साथ कुछ नवाचारात्मक गतिविधियाँ भी शामिल थीं। बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया, जिससे आयोजन में जीवंतता बनी रही। बीएसए रिद्धि पांडेय ने उद्घाटन भाषण में कहा कि बच्चों की प्रतिभा को मंच देना ही शिक्षा का उद्देश्य है। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी सिखाते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर बच्चा विशेष है और उसकी छोटी-सी आशा भी बड़े सपनों की नींव रख सकती है। उनकी गायन प्रस्तुति ने न केवल बच्चों को प्रेरित किया, बल्कि उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों को भी भावविभोर कर दिया। यह पल आयोजन का सबसे भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण बन गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई दी। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# ग्राम विकास अधिकारी ने प्रधान पति पर लगाया अभद्रता का आरोप, सरकारी काम में बाधा डाला

## कागजात फाड़ने पर हुआ मुकदमा दर्ज
## कोल्हुई थाने में बीएनएस की धारा 132, 352, 318(2), 319 (2) और 351(3) के तहत

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** बृजमनगंज विकासखंड के पिपरा परसौनी पंचायत भवन में सोमवार को उस समय हंगामा मच गया, जब ग्राम प्रधान अनुराधा यादव के पति दिनेश यादव पर ग्राम विकास अधिकारी से अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा। इस मामले में कोल्हुई थाने में बीएनएस की धारा 132, 352, 318(2), 319 (2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सोनी, जो बृजमनगंज ब्लॉक की पांच ग्राम पंचायतों का कार्यभार संभालते हैं, सोमवार दोपहर पिपरा परसौनी पंचायत भवन में सरकारी कागजात तैयार कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम प्रधान के पति दिनेश यादव पहुंचे और कथित तौर पर अपनी पत्नी के फर्जी हस्ताक्षर बनवाकर काम कराने का दबाव बनाने लगे। जब अधिकारी ने इसका विरोध किया, तो दिनेश यादव ने गाली-गलौज करते हुए सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए। प्रमोद सोनी के मुताबिक, विरोध करने पर दिनेश यादव ने अपने समर्थकों को बुलाने की धमकी दी और वहां से चला गया। भयभीत होकर सोनी ग्राम पंचायत गुर्चिहा चले गए। थोड़ी देर बाद दिनेश यादव ने अधिकारी के मोबाइल नंबर 9506381867 पर फोन कर अभद्र टिप्पणियां कीं और खुद को अपराधी बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। ग्राम विकास अधिकारी ने अपनी शिकायत में कहा कि दिनेश यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। उसका बड़ा भाई रमेश यादव हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। अधिकारी ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### फूड सेफ्टी विभाग की लापरवाही हुई उजागर

**महराजगंज में सिर्फ दो दुकानों की जांच**

**नेपाल से आने वाले दूध की नहीं होती है जांच**





**समृद्धि न्यूज,महराजगंज।** नौतनवा में त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की लापरवाही सामने आई है। विभाग की टीम ने तहसील क्षेत्र में केवल दो मिठाई की दुकानों की जांच की और वापस लौट गई। जबकि बाजार में सैकड़ों दुकानें बिना किसी निगरानी के मिठाइयां बेच रही हैं। जिले में नेपाल से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में दूध आता है, जिसका उपयोग मिठाइयों के निर्माण में होता है और विभाग द्वारा न तो इस दूध की गुणवत्ता की जांच की जाती है और न ही इसकी आपूर्ति को नियंत्रित करने की कोई व्यवस्था है। इससे मिलावटखोरों को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, विभाग हर साल त्योहारों पर इसी तरह औपचारिकता पूरी करता है। अधिकारियों पर आरोप है कि वे गुणवत्ता जांच के बजाय कुछ चुनिंदा दुकानों से नमूने लेकर कार्रवाई का दिखावा करते हैं। इस स्थिति से खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हो रहा है, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं और अब उच्चस्तरीय जांच की मांग की जा रही है। जांच के दौरान, जिला मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है और मिलावट की सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद और तहसीलदार कर्ण सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### चलती ट्रेन से कूदने पर व्यक्ति की मौत

**जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम लिए भेजा**

समृद्धि न्यूज,महराजगंज। गोरखपुर–नरकटियागंज रेल प्रखंड पर सिसवा बाजार स्टेशन के समपार फाटक के पास सोमवार रात एक 55 वर्षीय व्यक्ति की चलती ट्रेन से कूदने के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान नेपाल के रौतहट जनपद, थाना गौर निवासी योगेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। उनके परिजन उन्हें 15557 आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस से इलाज के लिए ले जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि योगेंद्र की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। ट्रेन जैसे ही सिसवा स्टेशन के समपार फाटक संख्या 26 सी के पास पहुंची, वह चलती ट्रेन से कूद गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मंगलवार को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची। जीआरपी पडरौना के उपनिरीक्षक मनोज यादव ने बताया कि शव की शिनाख्त हो चुकी है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### अबैध पटाखे की बिक्री करने वाले दुकानदारो पर कार्यवाही का निर्देश

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाने का मुआयना करते हुए पटाखा की बिक्री करने वाले दुकानों पर नजर रखने के लिये थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने सबसे पहले थाने का मुआयना किया जिसमें महिला रजिस्टर, अपराध रजिस्टर,बैंक ड्यूटी रजिस्टर व बैंकों का औचक निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष को कहा कि बाजार में अबैध पटाखा की दुकानों पर अपनी नजर रखें किसी प्रकार से अवैध रूप से पटाखे की बिक्री नहीं होनी चाहिए बिना लाइसेंस की पटाखे की दुकान पर पटाखा बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। त्योहार के मद्देनजर आभूषण की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे की ब्यवस्था की जानकारी लेते हुए थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिया है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में हलिया की टीम ने टांडा फाल को हराकर फाइनल में मारी बाजी



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हलिया के पुराना थाना बजरंग बली मंदिर के बगल में स्थित मैदान में सोमवार को एक दिवसीय दिन रात कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने फीता काटकर कब्बडी मैच का उद्घाटन किया। क्षेत्रीय टीमों के अलवा मध्यप्रदेश व प्रयागराज जिले की कुल एक दर्जन टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें फाइनल मैच में देर रात्रि हलिया व तांड मिर्जापुर के बीच हुआ कबड्डी मैच में हलिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया। जिसमें पुरस्कार के तौर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7000 द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम मिर्जापुर तांड को 4000 तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम प्रयागराज को 2000 रुपए का नगद पुरस्कार मुख्य अतिथि शिव बाबू सेठ ने दिया गया।रेफरी की भूमिका में बबलू अंसारी व संजय तिवारी रहे। कार्यक्रम के आयोजक अध्यक्ष अलीम खान, उपाध्यक्ष मोबिन खान, कोषाध्यक्ष नियादर सिंह व आजम खान, स्थापक अतिथि भीम गुरु, गरीब खान, कासिम खान, गोविन्द गुप्ता, नन्हकउ मास्टर, सलमान खान,कार्यकर्ता पिंटू मौर्या, संजू सोनकर, अजमत खान, श्याम नरेश, अमन खान, जानम, अभिषेक रहे एवं कमेंट्टेटर बुद्धि रामपाल व जयकुमार रहे। इस मौके पर सैकड़ों दर्शक व खिलाड़ी मौजूद रहें।

# मां के पास सुरक्षित लौटा तेंदुए का शावक

## जाल में फंस गया था, वन विभाग ने पकड़ का जंगल में छोड़ा

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** सोहगीबरवा वन्यजीव अभ्यारण्य के पकड़ी रेंज में एक तेंदुए का शावक खेत में लगे जाल में फंस गया। वन विभाग और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के बाद शावक सुरक्षित रूप से अपनी मां के पास जंगल में लौट गया। यह घटना रविवार अपराह्न तीन से चार बजे के बीच चेहरी फार्म के पास हुई। फसलों की सुरक्षा के लिए लगाए गए इस जाल में लगभग पांच से छह माह का शावक जंगल से भटक कर फंस गया था। जाल में छटपटाते शावक को देखकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर रहने को कहा। पास के जंगल में शावक की मां अपने दूसरे बच्चे के साथ लगातार मंडरा रही थी। खेतकी ओर गए किसानों ने जब फंसे हुए शावक को देखा और शोर मचाया, तो मादा तेंदुआ भी उत्तेजित हो उठी। वनकर्मियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और दूर रहने की अपील की। वन विभाग की टीम ने मौके पर बचाव अभियान की निगरानी की। कुछ देर बाद शावक अपने प्रयासों से ही जाल से बाहर निकल आया। जाल से छूटने के बाद वह कुछ दूरी तक आबादी की ओर बढ़ा, लेकिन वनकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे सुरक्षित रूप से जंगल की ओर मोड़ दिया। इसके बाद शावक अपनी मां के पास लौट गया, जो अपने दूसरे बच्चे के साथ उसका इंतजार कर रही थी। डीएफओ निरंजन सुर्वे ने बताया कि शावक पूरी तरह सुरक्षित जंगल में चला गया है। उन्होंने लोगों से ऐसे मामलों में घबराने की बजाय शांत रहने की अपील की। सुर्वे ने कहा कि वन्यजीव अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्वाभाविक रूप से लौटते हैं और वन विभाग हर स्थिति पर नजर रखे हुए है। शावक के लौटने के बाद मादा तेंदुआ और उसके दोनों बच्चे जंगल में चले गए। वन विभाग ने आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और ग्रामीणों को सतर्क किया है कि तेंदुआ या शावक दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें, शोर-शराबा न करें। इस त्वरित कार्रवाई से एक वन्यजीव की जान बची और संभावित मानव-वन्यजीव संघर्ष भी टल गया।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबर ,किया जागरूक



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत व एंटी रोमियो द्वारा आर्यावृत बैंक हलिया मे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया।जिसमें मुख्य रूप से पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112,महिला हेल्पलाइन नंबर 1090,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) 1076,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108,गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102,अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101,आशा ज्योति केंद्र 181व महिलाओ के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में उप. नि. रमाशकंर, का. अशरफ खान, हे.का. अभिषेक चौबे, म. आ. पूजा चौहान आदि मौजूद रही।

# हर्ष एवं शक्ति का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह संपन्न

## विश्व के 200 से अधिक देशों में सामुदायिक सेवा परियोजनाएं संचालित : डॉ.अर्पणधर दूबे

समृद्धि न्यूज



**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष एवं शक्ति का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह शहर के कटरा रोड स्थित शिवा मैरिज लॉन में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल 321-E के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ डॉ.अर्पण धर दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल एक अंतरराष्ट्रीय सेवा संगठन है, जो विश्व के 200 से अधिक देशों में सामुदायिक सेवा परियोजनाएं संचालित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि क्लब का आदर्श वाक्य ÷हम सेवा करते हैं÷ प्रत्येक सदस्य के जीवन का उद्देश्य है। लायंस क्लब के सदस्य समाजसेवा के माध्यम से नेतृत्व क्षमता और समर्पण का परिचय दे रहे। उपमंडल अध्यक्ष प्रथम एमजेएफ लायन उदय चंदानी ने पदाधिकारियों को दायित्वों की शपथ दिलाई, जबकि उपमंडल अध्यक्ष द्वितीय एमजेएफ लायन उमेश चंद कक्कड़ ने नए सदस्यों सोनी पाण्डेय, रिंकी पाण्डेय, वर्षा गुप्ता, सारिका केसरवानी और डॉ. सिमरन उपाध्याय को दीक्षा प्रदान की।

उन्होंने बताया कि आगामी 26 अक्टूबर को वाराणसी में दीक्षा समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंटरनेशनल डायरेक्टर द्वारा 500 से अधिक नवीन सदस्यों को दीक्षा दी जाएगी। इस अवसर पर कैबिनेट कोषाध्यक्ष लायन एस.के.शुक्ला ने क्लब के उद्देश्य एवं सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्ष क्लब के अध्यक्ष ला. आशुतोष त्रिपाठी एवं शक्ति क्लब की अध्यक्ष ला. कुसुम गुप्ता पिंकी दयाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। पंडित आलोक मिश्रा द्वारा गणपति आवाहन किया गया, जबकि आर्ची पांडेय ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। एमजेएफ लायन कुंवर बहादुर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और ला. संतोष भगवन ने स्वागत उद्बोधित किया और अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। हर्ष क्लब की ओर से अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, सचिव आर.बी.सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक प्रताप सिंह तथा शक्ति क्लब की ओर से अध्यक्ष कुसुम गुप्ता और सचिव प्रमिला शुक्ला ने मुख्य अतिथियों का सम्मान किया।

अंत में सभी अतिथियों ने अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, सचिव आर.बी. सिंह एवं कोषाध्यक्ष अशोक प्रताप सिंह का फूलमाला व अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया।

# वनभूमि पर बोई गई तिल्ली की फसल को वन विभाग की टीम ने नष्ट कर कराया

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय वन रेंज के पड़री बीट के ग्राम कुशियरा के वन भूमि पर दस हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण कर अतिक्रमण कर्ता द्वारा बोई गई तिल्ली की फसल को मंगलवार को वन विभाग की टीम रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्रा, वन दरोगा सूरज पाण्डेय फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह, रामदास आदिवासी, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह संदीप कुमार व सुरक्षा श्रमिक के साथ पहुंचकर करीब दस हेक्टेयर वन भूमि पर बोई गई तिल्ली की फसल को आधा दर्जन ट्रैक्टर कलटिवेटर से बोई गई फसल को नष्ट कर भूमि को अतिक्रमण से खाली कराकर वन विभाग की टीम ने वन भूमि को अपने अभिरक्षा में ले लिया है। इस संबंध में रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्रा ने बताया की वन भूमि के करीब दस हेक्टेयर भूमि पर बोई गई तिल्ली की फसल को नष्ट कराकर वन भूमि को अतिक्रमण से खाली कराया गया है। वन भूमि को अपनी अभिरक्षा में लिया गया है। वन विभाग के इस कार्रवाई से अबैध अतिक्रमण करने वाले लोगो में हड़कंप मच गया है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 12 ,नवंबर को

समृद्धि न्यूज,हलिया (मिर्जापुर) लालगंज तहसील क्षेत्र के हलिया लालगंज, छानबे विकास खंड की मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना 12 नवंबर को किया जाएगा। हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत मवई कला के पंचशील डिग्री कालेज के परिसर पर विकास खंड हलिया ,लालगंज, छानबे के लाभार्थियों का विवाह 12 नवंबर को होना सुनिश्चित हुआ है।इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी अपने अपने ब्लाक मुख्यालय पर पहुंच कर रजिस्ट्रेशन कराए। उक्त कि जानकारी खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने दिया। उन्हों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशानुसार छानबे विधानसभा के गरीब परिवारों के लड़की की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया है जिसमें कन्या के खाते में 60000 रुपए, वैवाहिक सामग्री 25000 और कार्यक्रम के आयोजन में पंडाल,फर्नीचर , विद्युत प्रकाश, जलपान आदि पर 15000 रुपए कुल एक लाख रुपए प्रति जोड़ा कि दर से व्यय किया जाएगा। लाभार्थी अपने विकास खंड कार्यालय में जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें।चुनार नगर में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना 12 नवंबर को किया जाएगा।

**सम्मान** | महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को मजबूत करने का प्रतीक है महिला सशक्तीकरण- डीआईजी

# डीआईजी एवं एसपी ने जागरूकता का महिला शक्तिकरण का किया संचार

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** त्योहारों को धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाने को लेकर दृष्टिगत,रखते हुए थाना पुरंदरपुर क्षेत्र में सक्रियता के स्वरूप में विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज ने किया।

जिनकी दूरदर्शिता एवं संवेदनशीलता ने एक बार पुनः समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस दिशा-निर्देश प्रदान किए।

डीआईजी ने थाना पुरंदरपुर स्थित %मिशन शक्ति केंद्र का गहन निरीक्षण किया। यह केंद्र, जो महिलाओं एवं बच्चों की शिकायतों के त्वरित निवारण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने का मजबूत किला है, वहां की कार्यप्रणाली, संसाधनों की उपलब्धता एवं संचालन की कुशलता का अवलोकन किया भी। निरीक्षण के दौरान डीआईजी गोरखपुर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट एवं प्रभावी दिशा-निर्देश दिए, जिसमें आगामी दिवाली व छठ त्योहारों के दौरान बढ़ती भीड़-भाड़ में महिलाओं की सुरक्षा हेतु सतर्कता बरतने, शिकायत निवारण तंत्र को और सशक्त बनाने तथा समुदाय-आधारित निगरानी प्रणाली को मजबूत करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, अपितु समाज की नींव को अटल बनाने वाली क्रांति है, जिसमें प्रत्येक थाने का मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं का विश्वास अर्जित करने का माध्यम बने।

इन निर्देशों से न केवल केंद्र की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, अपितु क्षेत्रवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास का भाव भी गहरा होगा। निरीक्षण के पश्चात डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) महाराजगंज ने संयुक्त रूप से थाना पुरंदरपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय वोकवा में एक भावपूर्ण मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम, जो ग्रामीण अंचल की महिलाओं को उनके अधिकारों एवं अवसरों से परिचित कराने का माध्यम बना, जो अत्यंत सफल एवं प्रेरक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर पुरंदरपुर की मिशन शक्ति टीम ने उत्साहपूर्ण सहयोग प्रदान किया, जबकि अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन एक संकल्प सभा के साथ हुआ, जहां सभी प्रतिभागियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का संकल्प लिया। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत जनपद महाराजगंज प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा, ताकि प्रत्येक महिला न केवल सुरक्षित महसूस करे, अपितु स्वावलंबी बनकर समाज की प्रगति में योगदान दे सके। इसी क्रम में फरेंदा थाना क्षेत्र के अंकुर पैलेस में भी उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला सशक्तीकरण पर बल दिया गया और आत्मरक्षा के गुण सिखाएं गये।